# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026






**SHOWROOMS:** **CHHATTISGARH:** RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.


CLASSIC GROUP
LIFESTYLE MATTERS
Celebrating
6 Classic Years
छठवीं वर्षगाँठ पर
600000*
तक के फायदे
केवल 6 दिनों के लिए!
CLASSIC CASTLE
Limited Premium Plots
NO FUTURE EXTENSION
901 902 1000
KACHNA, RAIPUR
SUMEET LANDSCAPE
Fully Developed Plots Available
800 - 2400 SQ.FT.
722 500 1000
VIDHAN SABHA ROAD
CLASSIC TOWERS
READY POSSESSION
2 & 3 BHK Flats
951 610 1000
AMLIDIH, RAIPUR
SCAN FOR RERA INFO
For more details visit www.rera.cgstate.gov.in with the RERA numbers given below:
Classic Castle: PCGRERA220620001124, P3CGRERA031120000020
Classic Towers: PCGRERA270223001615
SCAN TO KNOW MORE
*T&C APPLY




हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026




# दंतेश्वरी धाम में जिला संवाद, हुआ सरकार के दो सालों का हिसाब-किताब

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा*

*दक्षिण बस्तर के गीदम स्थित एजुकेशन सिटी जावंगा में आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की समीक्षा का प्रमुख मंच बना। आईएनएच न्यूज चैनल और हरिभूमि की संयुक्त पहल पर आयोजित इस विशेष संवाद में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप से सीधे और तीखे सवाल किए। डा. हिमांशु के सवालों के जवाब में श्री केदार कश्यप ने कहा कि पिछले दो वर्षों में दूरस्थ अंचलों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया है। सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, कौशल विकास केंद्रों की स्थापना और डिजिटल सेवाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी गई है। संवाद में अधोसंरचना विकास, सड़क निर्माण, शिक्षा संस्थानों के उन्नयन, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, कृषि उन्नयन, युवाओं के लिए रोजगार अवसर और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।* ▶▶| शेष पेज 6 पर

खास खबर

## आईएनएच–हरिभूमि की संयुक्त पहल में मंत्री केदार कश्यप से सीधा सवाल-जवाब

- एजुकेशन सिटी जावंगा में जिला संवाद, उपलब्धियों पर खुली बहस
- सांसद महेश कश्यप ने कहा, दूरस्थ केंद्र जुड़ रहे हैं मुख्यधारा से



### *अब बस्तर शिक्षा, स्वास्थ्य और संचार का गढ़ रहा कीर्तिमान*

*दंतेवाड़ा एक समय नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित था, जब जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का यहां पहुंचना भी चुनौतीपूर्ण था। प्रशासनिक पुनर्गठन के बाद हालात बदले हैं और विकास कार्यों को गति मिली है। अब बस्तर संभाग शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और संचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। सांसद महेश कश्यप ने राज्य निर्माण के बाद विकास की दिशा में आए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि विकेंद्रीकृत प्रशासन और सुशासन की नीति ने दूरस्थ क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने जनभागीदारी को स्थायी विकास का आधार बताया और विश्वास जताया कि बस्तर आने वाले समय में निवेश* ▶▶| शेष पेज 6 पर

### *हरिभूमि-आईएनएच जिला संवाद शौर्य भवन लालबाग में आज*

*जगदलपुर। संभाग मुख्यालय जगदलपुर के लालबाग स्थित शौर्य भवन में हरिभूमि आईएनएच के संयुक्त तत्वावधान में जिला संवाद का आयोजन 19 फरवरी को दोपहर 3 बजे से होगा। छत्तीसगढ़ सरकार के 2 वर्ष पूरे होने पर जिले के विकास में हो रहे उपलब्धि और समस्याओं पर चर्चा एवं विचार मंथन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी, वनमंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, ब्रेवरेज कार्पोरेशन केअध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर संजय पाण्डेय, पूर्व महापौर जतीन जायसवाल, हमर राज पार्टी के अध्यक्ष मनीष कुंजाम, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप, छग सर्व* ▶▶| शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### रमजान का चांद दिखा पहला रोजा आज

**नई दिल्ली।** देश में रमजान के महीने का आगाज़ गुरुवार से होगा। आसमान में बादल छाए रहने के कारण दिल्ली-एनसीआर में चांद के दीदार नहीं हुए हैं, लेकिन देश के कई हिस्सों में चांद दिखने की पुष्टि हुई है। चांदनी चौक स्थित फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम मौलाना मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने बताया कि बिहार के पटना और औरंगाबाद तथा झारखंड के कई हिस्सों में आम तौर पर रमजान का चांद देखे जाने की पुष्टि हुई है।

### वेंटिलेटर पर सलीम खान, हालत स्थिर



**मुंबई।** ब्रेन हेमरेज से पीड़ित जानमाने पटकथा लेखक सलीम खान का यहां उपचार किया गया। चिकित्सकों ने बुधवार को बताया कि खान को एहतियात के तौर पर जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है और उनकी हालत स्थिर है। सलीम खान को एक दिन पहले ही यहां लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### 10वीं का पर्चा वॉट्सऐप स्टेटस पर डाला, केस दर्ज

**बुरहानपुर/ इंदौर।** मप्र के बुरहानपुर जिले में परीक्षार्थियों को कथित तौर पर नकल कराने के लिए कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा के दौरान अंग्रेजी विषय के पर्चे को सोशल मीडिया पर साझा किए जाने को लेकर एक शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस घटना को लेकर बवाल मचने के बाद शिक्षिका के साथ ही परीक्षा केंद्र के अध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष को निलंबित भी कर दिया गया है।

## मंत्रियों के 14 और अफसरों के 78 बंगले बनकर तैयार

# नवा रायपुर में सीएम समेत 8 मंत्री हुए शिफ्ट पांच मंत्रियों का नहीं छूट रहा रायपुर से मोह

*नवा रायपुर के अटल नगर सेक्टर 24 में करोड़ों की लागत से मंत्रियों व अफसरों के लिए बंगले बनकर तैयार हैं। मुख्यमंत्री सहित 10 से अधिक मंत्री गृह प्रवेश कर चुके हैं, लेकिन शिफ्टिंग अभी तक केवल 8 मंत्री की हुई है। यहां मंत्रियों, नेता प्रतिपक्ष के 14 बंगले और अफसरों के लिए 78 बंगले है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुराने रायपुर और नवा रायपुर के में मंत्रियों को आवंटित बंगले यथावत हैं। नवा रायपुर को आबाद करने वहां पर सभी प्रशासनिक कार्यालयों की शिफ्टिंग के बाद यहां पर मुख्यमंत्री और सभी मंत्रियों के सरकारी बंगले तैयार किए गए।

एक साल पहले ही मुख्यमंत्री और मंत्रियों के सरकारी बंगले बनकर तैयार हो गए थे। मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गृह प्रवेश कराया। उसके बाद वहां पर मुख्यमंत्री निवास के कर्मचारी बैठते हैं। यहां पर मुख्यमंत्री भी बैठकों का आयोजन करते हैं। रायपुर शहर को मुख्यमंत्री निवास आम जनता और बाहर से आने वालों की सुविधाओं ▶▶| शेष पेज 6 पर

खास खबर

### ये मंत्री हुए शिफ्ट

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने सबसे पहले यहां शिफ्टिंग की। उसके बाद मंत्री केदार कश्यप, लक्ष्मी राजवाड़े, दयालदास बघेल शिफ्ट हो चुके हैं। डिप्टी सीएम अरुण साव भी यहां पर रह रहे हैं। इसके अलावा तीनों नए मंत्री राजेश अग्रवाल, गजेंद्र यादव और गुरु खुशवंत साहेब अपने बंगले में शिफ्ट हो गए हैं।

### आईएएस-आईपीएस और राज्य सेवा के अफसरों के लिए भी बंगले



### 40 से अधिक अफसर हुए शिफ्ट

नवा रायपुर में आईएएस-आईपीएस और राज्य सेवा के अफसरों के लिए 78 बंगले तैयार हो चुके हैं। यहां पर 40 से अधिक अफसर यहां शिफ्ट हो चुके हैं। इनमें आईएएस अधिकारियों के अलावा आईपीएस और राज्य सेवा के अफसर भी शामिल हैं। नवा रायपुर में आने वाले समय में अधिकांश अफसरों के शिफ्ट होने की संभावना है।

### 5 मंत्रियों का पुराने रायपुर में निवास

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और लखनलाल देवांगन ने यहां पर गृह प्रवेश का पूजा कराया पर यहां शिफ्ट नहीं हुए। वहीं डिप्टी सीएम विजय शर्मा और वित्तमंत्री ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा को नवा रायपुर में आबंटित बंगले में नहीं गए हैं। वे पुराने रायपुर में ही रह रहे हैं। गृह मंत्री विजय शर्मा और वित्तमंत्री ओपी चौधरी, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा पुराने रायपुर से ही अपने कार्यालय का संचालन कर रहे हैं।

### साव ने पुराने रायपुर का बंगला छोड़ा बाकी मंत्री जमे

राज्य शासन के डिप्टी सीएम अरुण साव ने नया रायपुर के नए बंगले में शिफ्ट होने के बाद पुराने रायपुर का बंगला छोड़ दिया। वहीं बाकि मंत्रियों को पूर्व में शहर आवंटित बंगले और नवा रायपुर के बंगले दोनों में कब्जा है। हालांकि नवा रायपुर के बंगले में सभी तरह की सुविधाएं हैं, फिर मंत्री दूरी की वजह से पुराने रायपुर के आवंटित बंगले को नहीं छोड़ रहे हैं। उनके क्षेत्र के लोग यहां आकर अपनी समस्याओं और कार्यों को लेकर आते रहते हैं।

ग्राम चंद्रपुर की घटना

## सिगड़ी जलाकर सोया था परिवार, दम घुटने से दंपति-बच्चे की मौत



हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| सूरजपुर

ग्राम चंद्रपुर में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। पति-पत्नी और चार साल की बच्ची की लाश कमरे में मिलने के बाद गांव में कोहराम मच गया। परिवार रात को खाना खाने के बाद कमरे में कोयला वाली सिगड़ी जलाकर सोया था। आशंका जताई जा रही है कि सिगड़ी से निकले धुएं के कारण दम घुटने से तीनों की मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। फिलहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त ▶▶| शेष पेज 6 पर

### *बच्चों के सिर से उठा माता-पिता का साया*

*बड़ी बात यह है कि घटना के दौरान कवल सिंह का 7 वर्षीय पुत्र प्रिंस व 5 वर्षीया पुत्री प्राची अपने नाना के साथ घर के दूसरे हिस्से में सो रहे थे। यदि ये बच्चे भी माता-पिता के साथ होते तो उनकी भी मौत हो गई होगी। सिगड़ी से निकले धुएं में मौत के बाद इन दोनों बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया है। बुधवार को गमगीन माहौल ने तीनों का अंतिम संस्कार किया गया। इधर परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों को दोनों बच्चों के पालन पोषण और शिक्षा की चिंता सता रही है।*

## सुपर आठ में भारत के साथ पहुंचा पाकिस्तान




**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 का ग्रुप चरण अब अपने अंतिम दौर में है, लेकिन इससे पहले ही सुपर आठ की सभी आठ टीमें तय हो गई हैं। सात टीमें पहले ही क्वालिफाई कर चुकी थीं, लेकिन अब नामीबिया को हराकर पाकिस्तान भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहा है। 21 फरवरी से सुपर आठ दौर के मुकाबले शुरू होंगे। शीर्ष आठ टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए प्रतिस्पर्धा ▶▶| शेष पेज 6 पर

- **ग्रुप बी में बड़ा उलटफेर**
  इस ग्रुप से श्रीलंका और जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंचे, जबकि आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और ओमान ग्रुप चरण से ही बाहर हो गए।
- **ग्रुप सी में दिखा दम**
  ग्रुप सी में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज का दम दिखा और दोनों टीमें सुपर आठ में पहुंचने में सफल रहीं।
- **ग्रुप डी से न्यूजीलैंड-दक्षिण अफ्रीका आगे बढ़े:** ग्रुप डी से न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका आगे पहुंचने में सफल रहे।




# अंगदान के प्रयास या मजाक...122 को अंगों का इंतजार सालभर से बैठक नहीं, न प्रयास और न प्रचार-प्रसार

## खास बातें

- सोटो के पास ना जरूरी फंड, न मानव संसाधन, विभागीय समर्थन भी कुछ खास नहीं
- दानवीरों को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ परिवारों के सम्मान की योजना भी ठंडे बस्ते में

### किडनी के जरूरतमंदों के 195, लिवर के 25 तथा अन्य अंगों के 2 आवेदन पेंडिंग



विकास शर्मा ▶▶| रायपुर

ब्रेनडेड मरीजों के अंगों से बीमार मरीजों को नया जीवन देने का अभियान राज्य में सुस्त हो गया है। सबसे निराशाजनक बात यह है कि इसके लिए गठित संचालन और सुपरवाइजरी कमेटी के गठन के सालभर बाद भी इसकी एक भी बैठक नहीं हुई है। इसके अलावा इस अभियान को पूरा करने गठित राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण जरूरी फंड और मानव संसाधन ▶▶| शेष पेज 6 पर

हरिभूमि सरोकार

### तीन साल में 12 अंगदान, ब्रेनडेड कई

राज्य में पहला कैडेवर डोनेशन नवंबर 2022 को हुआ था। इसके बाद बीते तीन साल में यह आंकड़ा दर्जनभर तक पहुंचा। इस अवधि में राज्य के विभिन्न अस्पतालों में ब्रेनडेड के दर्जनों मामले सामने आए। कुछ मामले तो ऐसे भी रहे जिनमें परिवार वाले रिश्तेदारों के अंगों का दान करने के लिए तैयार थे मगर सही समय में यह प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी और सोटो में पंजीयन के कराने वालों का इंतजार खत्म नहीं हुआ।

### इनका इंतजार अभी बाकी

*राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण के पास वर्तमान में किडनी के जरूरतमंदों के 195, लिवर के 25 तथा अन्य अंगों के 2 आवेदन पेंडिंग है। यहां हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए कुछ अस्पतालों ने पंजीयन तो कराया है मगर अब तक इस तरह की स्थिति नहीं बन पाई है। एम्स को छोड़कर राज्य में एक भी सरकारी अस्पताल इस योजना में शामिल नहीं है। निजी अस्पतालों में अंगदान महादान की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।*

# तराजू में बाट को चढ़ाकर एंट्री, राशन दुकानों में चावल की खरीदी-बिक्री

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

## पीडीएस चावल की 20 से 32 रुपए प्रति किलो तक खरीदी-बिक्री



राजधानी रायपुर के शासकीय उचित मूल्य की कई दुकानों में चावल की खरीदी-बिक्री हो रही है। जो कार्ड धारक चावल का इस्तेमाल नहीं करते, वे चावल को दुकान संचालक के पास ही उनके द्वारा निर्धारित दाम पर बेच रहे हैं। दुकान संचालक भी कम दाम में कार्ड धारक से चावल की खरीदी के बाद दलालों को अधिक दाम पर बेच रहे हैं। इससे दुकान संचालकों को भी मुनाफा हो रहा है। इधर राशन दुकान में जहां चावल की खरीदी-बिक्री की हो रही है, वहीं ऑनलाइन एंट्री में हितग्राही को वितरण करना शो हो रहा है, क्योंकि दुकानदार तराजू में चावल के बदले उसके वजन का बाट को चढ़ा रहा है। कुछ दुकानों में तो बाट की जगह वजन के बराबर चावल से भरी एक ही बोरी को बार-बार चढ़ा कर वजन किया जा रहा है।

उचित मूल्य की दुकानों में चावल की खरीदी-बिक्री के दो विडियो हरिभूमि के हाथ लगे हैं। ये दोनों विडियो राजधानी रायपुर के अलग-अलग वार्ड में संचालित उचित मूल्य की दुकान के बताए जा रहे हैं। इनमें एक विडियो में इलेक्ट्रानिक तराजू में दुकान का कर्मचारी चावल की जगह बाट को चढ़ाने के बाद कार्ड धारक से ईपॉस मशीन में थम लगवा रहा है, उसके बाद उसे चावल के बदले पैसे दे रहा है। एक अन्य विडियो में एक राशन दुकान में एक हितग्राही के कार्ड की एंट्री करने के दुकान कर्मचारी उसे चावल के बदले पैसे दे रहा है। ये दोनों विडियो इस बात का प्रमाण है कि कई उचित मूल्य की दुकानों में हितग्राहियों को वितरण किए जाने वाला पीडीएस चावल को बेचा और खरीदा जा रहा है।

सूत्रों से पता चला कि पीडीएस चावल को राशन दुकानदार 20 रुपए से लेकर 22 रुपए प्रति किलो की दर से हितग्राही से खरीदी कर रहे हैं, वहीं बाद में उसी चावल को दलालों को वे 24 रुपए से लेकर 26 रुपए प्रति किलो तक बेच रहे हैं। इधर दलाल भी दुकानदारों से चावल खरीदी के बाद उसी चावल को 30 से 32 रुपए प्रति किलो तक कुछ राइस मिल से लेकर पोहा मिल, इडली-दोसा के व्यवसायियों को बेच रहे हैं।

विभागीय सूत्र के अनुसार अगर कोई शासकीय उचित मूल्य की दुकान में चावल की खरीदी-बिक्री होती है, तो इसके लिए दुकान को सस्पेंड करने के साथ उसके संचालक और विक्रेता के विरुद्ध एफआईआर किए जाने का भी प्रावधान है। हालांकि देखना है कि इस मामले में विभाग क्या कार्रवाई करता है।

### जांच कर कार्रवाई करेंगे

शासकीय उचित मूल्य दुकान में पीडीएस चावल की खरीदी-बिक्री का विडियो या शिकायत अभी विभाग को नहीं मिली है। अगर विडियो या शिकायत आएगी, तो इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**- भूपेंद्र मिश्रा**, खाद्य नियंत्रक रायपुर

## दोष सिद्ध श्रम निरीक्षक बिना डीई के किए गए डिसमिस

# बिल पास करने के लिए रिश्वत, कोर्ट से सजा, शासन ने कहा- इनका शासकीय सेवा में बना रहना अशोभनीय, हुए बर्खास्त

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

### 1.90 लाख मांगे थे, 40 हजार रुपए लेते पकड़े गए

एक शिक्षण संस्थान का बिल पास करने के एवज में रिश्वत लेने के दोषी पाए गए श्रम निरीक्षक को राज्य सरकार ने सेवा से बर्खास्त करने का आदेश जारी किया है। आदेश में सरकार ने कहा है कि समस्त तथ्यों की परिस्थितियों का अध्ययन करने से स्पष्ट होता है कि सुरेश कुर्रे का कृत्य जिसके लिये उन्हें दोषसिद्ध माना है, उन्हें शासकीय सेवा में रहना अशोभनीय बना देता है।

रिश्वत लेने के दोषी सुरेश कुर्रे, श्रम आयुक्त संगठन के अंतर्गत कार्यालय श्रम पदाधिकारी जिला कोण्डागांव में श्रम निरीक्षक के पद पर पदस्थ थे, इसी दौरान का यह मामला वर्ष 2019 का है। सुरेश कुर्रे पर एक एनजीओ द्वारा संचालित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के 6.30 लाख रुपये के लंबित बिल को पास करने के बदले 1.90 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप था। एन्टी करप्शन ब्यूरो ने 14 अक्टूबर 2019 को जाल बिछाकर उन्हें 40,000 रुपये की पहली किस्त लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) के तहत विशेष प्रकरण क्रमांक 01/2021 में यह दोषसिद्धि हुई है। मामले में विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) जशपुर (छ०म०) द्वारा पारित निर्णय दिनांक 26 नवंबर 2025 के अंतर्गत दोषसिद्ध कर 03 वर्ष के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है।

श्रम पदाधिकारी की बर्खास्तगी के आदेश में लिखा गया है कि समस्त तथ्यों की परिस्थितियों का अध्यन करने से स्पष्ट होता है कि सुरेश कुर्रे का कृत्य जिसके लिये उन्हें दोषसिद्ध माना है. उन्हें शासकीय सेवा में रहना अशोभनीय बना देता है, न्यायालय द्वारा दिया गया महादेश गंभीर आरोप भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 एवं संशोधन अधिनियम 2018 के धारा 7 के सबंध में है, जो तुच्छ प्रकृति का नहीं है, जिसके लिये अभियुक्त पर लघु शास्ति अधिरोपित की जा सके। आदेश में कहा गया है कि आरोप का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1965 वो नियम 3(१) एवं (3) के अंतर्गत कदाचरण का कृत्य है। न्यायालय के निर्णय के प्रकाश में भ्रष्टाचार के कदाचरण के कृत्य के लिये अभियुक्त कर्मचारी सुरेश कुर्रे पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10 में प्रावधानिक दीर्घ शास्ति अधिरोपित किया जाना उचित है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) 1906 के नियम 19 सहपठित नियम 14 एवं भारत के संविधान के अनुच्छेद 311(2) के अंतर्गत अभिमुक्त कर्मचारी के विरुद्ध विस्तृत विभागीय जाँच आवश्यक नहीं है।

### इसलिए कर रहे हैं बर्खास्त

आपराधिक प्रकरण के निर्णय जिसमे अभियुक्त कर्मचारी को 3 वर्ष के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है, जो गंभीर कदाचरण का कृत्य है, को देखते हुए अभियुक्त कर्मचारी सुरेश कुर्रे, श्रम निरीक्षक, कार्यालय श्रम पदाधिकारी जिला कोण्डागांव को उनकी सेवा से पदच्युत (डिसमिस) किया जाता है।

# व्यापमं प्रवेश परीक्षाओं से नहीं होंगे रविवि के बीएड पाठ्यक्रम में दाखिले

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

- राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के अंक ही होंगे मान्य

पं. रविशंकर शुक्ल विवि अध्ययनशाला में संचालित बीएससी-बीएड, बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड में दाखिले व्यापम की प्रवेश परीक्षाओं के के माध्यम से नहीं होंगे। राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी अर्थात एनटीए द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से ही इसमें प्रवेश मिलेगा। रविवि द्वारा इस संदर्भ में छात्रों के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। रविवि ने जारी नोटिस में कहा है, राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी द्वारा बीएससी-बीएड, बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड के सत्र 2026- 27 में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहे हैं। सभी प्रवेश आकांक्षी छात्र-छात्राओं को यह निर्देश है कि आवेदन पत्र ऑनलाइन माध्यम से 10 मार्च तक राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के वेबसाइट में जाकर फॉर्म भरें। आवेदन पत्र की त्रुटि सुधारने के लिए 12 से 14 मार्च की तिथि तय की गई है। प्रवेश परीक्षा 17 मार्च को आयोजित की जाएगी।

रविवि के अध्यापक शिक्षा संस्थान में बीएससी-बीएड, बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड की 50-50 सीट उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं में देशभर के छात्र हिस्सा लेते हैं। चूंकि इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश एनटीए की प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से दिए जा रहे हैं, ऐसे में देशभर के छात्र दाखिले की प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में भी प्रवेश के लिए राष्ट्रीयकृत परीक्षाओं को ही माध्यम बनाया जाता है।

छग व्यापम द्वारा बीएससी-बीएड, बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड की प्रवेश परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी गई है। इसके अलावा प्री बीएड और डीएलएड की तिथियां भी घोषित कर दी गई हैं। इनके लिए आवेदन मार्च-अप्रैल में प्रारंभ होंगे, जबकि परीक्षाएं मई-जून में आयोजित की जाएंगी। छग के शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित बीएड व डीएलएड पाठ्यक्रमों सहित बीएससी-बीएड, बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड में इसके माध्यम से प्रवेश दिए जाएंगे। गौरतलब है कि बीएड में प्रवेश स्नातक उत्तीर्ण छात्रों को ही दिया जाता है, जबकि बीएससी-बीएड, बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं उत्तीर्ण ही है।

# मुख्य सचिव ने कलेक्टरों से कहा- शासकीय योजनाओं का फायदा समय पर मिले यह सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

- जनगणना के संबंध में राज्य स्तरीय कान्फ्रेंस आयोजित

मुख्य सचिव विकासशील ने अधिकारियों से कहा, शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का फायदा हितग्राहियों को समय पर मिले यह सुनिश्चित हो। इसके लिए पहले से ही हितग्राही से संबंधित जानकारी दुरुस्त कर ली जाए। मुख्य सचिव मंत्रालय में आयोजित जनगणना वर्ष 2027 के संबंध में आयोजित राज्य स्तरीय कान्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने कहा, आगामी गर्मी के मौसम में सभी जिलों में पेयजलापूर्ति, गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से पहले से ही लोगों को सावधान रहने एवं बचाव करने जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्ययोजना बनाने और तैयारियां पहले से ही कर लें। कलेक्टर्स को इस वर्ष खरीफ मौसम की धान खरीदी की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने, राशन दुकानों में खाद्यान्न सामग्री की उपलब्धता, इस साल तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य, हाई स्कूल हायर सेकेंडरी परीक्षा, जनसमस्याओं के समाधान एवं निवारण, पीएम आवास सहित अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। कॉन्फ्रेंस में अधिकारियों को जनगणना वर्ष 2027 संबंधी कार्यों को सतर्कता एवं संवेदनशीलता से करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गये। राज्य स्तरीय संभागायुक्त कलेक्टर्स कान्फ्रेंस में राज्य शासन के विभिन्न विभागों के भारसाधक सचिव, सभी संभागायुक्त, कलेक्टर्स, नगर निगम आयुक्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मिलर्स के लंबित भुगतान करने करें कार्यवाही

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी राशनकार्ड धारकों को पात्रता के अनुसार समय पर खाद्यान्न सामग्री मिले इसके लिए लगातार शासकीय उचित मूल्य की दुकानों की मानीटरिंग करें। मुख्य सचिव ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को धान संग्रहण केन्द्रों के भौतिक सत्यापन कर धान परिवहन एवं मिलिंग कार्य करने जरूरी दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने मिलर्स के लंबित भुगतान करने जरूरी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए हैं।

### शासकीय लंबित भुगतान करने लगाएं शिविर

मुख्य सचिव ने कृषि विभाग एवं मार्कफेड के अधिकारियों को आगामी खरीफ मौसम में खाद एवं बीज के पर्याप्त भंडारण करने कहा है। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह ने कलेक्टरों को लोगों की विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं निवारण के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित करने कहा है। उन्होंने विभिन्न शासकीय लंबित भुगतान करने शिविर लगाकर कार्यवाही करने कहा है।

# डीएड अभ्यर्थियों ने अंगारों पर चलकर किया प्रदर्शन, पुलिस और दमकल की टीम ने पानी की बौछार कर बुझाई आग

हरिभूमि न्यूज : रायपुर।

### पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच झड़प आमरन अनशन का 57वां दिन

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर बुधवार को डीएड अभ्यर्थियों ने सामूहिक रूप से प्रतीकात्मक विरोध करते हुए आग जलाकर अंगारों पर चलकर प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर पानी की बौछार करते हुए आग को बुझाया। इस दौरान पुलिस प्रशासन और डीएड अभ्यर्थियों के बीच झड़प की स्थिति निर्मित हुई। डीएड अभ्यर्थी सहायक शिक्षक भर्ती 2023 के रिक्त 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर इन दिनों धरना स्थल पर आमरन अनशन कर रहे हैं। अनशन का बुधवार को 57 वां दिन रहा।

छत्तीसगढ़ डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी संघ के आव्हान पर अपने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश भर के डीएड अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर आंदोलन कर रहे हैं। विशेष रूप से 1600 से अधिक आदिवासी वर्ग सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर नियुक्ति और न्यायालय के आदेशों के तत्काल पालन की मांग वे कर रहे हैं। अभ्यर्थियों का का कहना है कि लंबे समय से शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद शासन-प्रशासन द्वारा उनकी मांगों के संबंध में अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। वे लगातार जन प्रतिनिधियों और विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत करा रहे हैं, पर प्रत्येक स्तर पर केवल आश्वासन ही मिल रहा है। शिक्षा मंत्री से मिलने पर मुख्यमंत्री और वित्त विभाग का हवाला दिया जाता है, वित्त विभाग से मिलने पर शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्ताव लाने की बात कही जाती है। इससे अभ्यर्थियों में निराशा और आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है जब तक उनकी मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाया जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

## छत्तीसगढ़ में उपभोक्ता संरक्षण पर 21-22 को क्षेत्रीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने बताया कि 21 एवं 22 फरवरी को रायपुर में उपभोक्ता संरक्षण पर दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद यह पहला आयोजन छत्तीसगढ़ में हो रहा है। कार्यशाला में उपभोक्ता संरक्षण कानून की एकरूपता और अन्य मामलों में चर्चा कर सुझाव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा ताकि आवश्यक परिवर्तन किया जा सके।

कार्यशाला में यूपी, महाराष्ट्र, गोवा, झारखंड सहित आइ राज्यों 200 प्रतिनिधि शामिल होंगे। 22 फरवरी को इसका समापन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। कार्यशाला में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष जस्टीस एपी शाही, केंद्र सरकार की उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे भी उपस्थित रहेंगी। बताया गया है कि कार्यक्रम के दौरान ई-जागृति, ई-फाइलिंग, ई-हियरिंग और एआई का उपयोग कर उपभोक्ता न्याय को और किफायती बनाने पर चर्चा की जाएगी। उपभोक्ता मामलों के शिकायत की स्वीकृति प्रक्रिया पर भी चर्चा होगी।

## आरटीओ एजेंट को किया डिजिटल अरेस्ट

रायपुर। हाईटेक जालसाजों द्वारा लोगों के साथ ठगी करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा। ऐसे ही एक मामले में एक जालसाज ने टिकरापारा थाना क्षेत्र के एक रहवासी तथा उसके परिवार को डिजिटल अरेस्ट कर 17 लाख 15 हजार रुपए की ठगी की है। पीड़ित पेशे से आरटीओ एजेंट है। जालसाज ने आरटीओ एजेंट को उसके अकाउंट से लाखों रुपए का मनी लांड्रिग होने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया।

मोतीनगर निवासी शरद तिवारी ने अज्ञात के खिलाफ डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। शरद ने पुलिस को बताया है कि उसके पास 15 फरवरी को अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना परिचय राजवीर शेखावत बताते हुए अपने आपको मुंबई एसीबी का डीसीपी बताया।

# दो युवतियों के कब्जे से 10 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यू:रायपुर

- एक अन्य मामले में दो फरार तस्कर गिरफ्तार पुलिस से बचने जमीन में हेरोइन चिट्टा छिपाकर रखे थे

राजधानी के साथ ग्रामीण पुलिस इन दिनों मादक पदार्थ की तस्करी रोकने लगातार कार्रवाई कर रही है। मादक पदार्थ की तस्करी में एक नया पैटर्न सामने आया है, जिसमें स्थानीय के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर मादक पदार्थ की तस्करी में पुलिस को चकमा देने महिलाओं को ढाल बना रहे हैं। ऐसे ही एक प्रकरण में क्राइम ब्रांच ने मध्यप्रदेश के साथ एक स्थानीय युवती को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 किलो गांजा जब्त किया है।

एक अन्य मामले में पुलिस ने हेरोइन चिट्टा तस्करी के दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात ग्राम चिट्टा जब्त किया है। क्राइम ब्रांच पुलिस ने टिकरापारा थाना क्षेत्र के रावणभाठा मैदान में खमतराई निवासी खिलेश्वरी वर्मा तथा मध्यप्रदेश, शहडोल निवासी इसरत बानो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गांजा जब्त किया है। बताया जा रहा है, मध्यप्रदेश की तस्कर इसरत को पैसों का लालच देकर रायपुर से गांजा डिलीवर कर लाने के लिए कहा था। स्थानीय तस्कर युवती को गांजा देने स्थानीय युवती को भेजा। कबीर नगर थाने की पुलिस ने 25 दिसंबर 2025 को कार्रवाई करते हुए हरप्रीत कौर तथा उसके पति जोधा सिंह को गिरफ्तार कर 24 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त किया था।

दंपति की गिरफ्तारी की सूचना मिलने पर हेरोइन चिट्टा की तस्करी में लिप्त भिलाई, सुपेला निवासी सुखराज सिंह तथा सुंदर नगर निवासी सत्यम चंद्राकर फरार हो गए। दो फरार तस्करों के बारे में पतासाजी कर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर तस्करों ने बताया कि पुलिस से बचने उन लोगों ने खारुन नदी रेलवे ब्रिज के नीचे जमीन में गड्ढा कर हेरोइन चिट्टा को छिपाकर रख दिया है। दोनों तस्करों की निशानदेही पर पुलिस ने हेरोइन चिट्टा जब्त किया है।



बिलासपुर

गुरुवार 19 फरवरी 2026

फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वितीया

वर्ष : 25, अंक : 328

पृष्ठ : 12+6 =18, मूल्य : 5 .00***


मौसम

अधि. 33.8

न्यून. 17.7

# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





7 जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास, बंगाल को हराकर फाइनल में 67 साल बाद एंट्री

विचार पेज

2 सत्ता परिवर्तन से सुधरेंगे संबंध?


# दहन 2 मार्च को लेकिन होली खेली जाएगी 4 को, क्योंकि 3 को चंद्रग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

इस बार होलिका दहन के अगले दिन होली नहीं खेली जाएगी, बल्कि उसके एक दिन बाद रंगोत्सव होगा। यह स्थिति चंद्रग्रहण के कारण निर्मित हो रही है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि अर्थात 2 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। इसके अगले दिन रंग खेलने की परंपरा है, लेकिन चंद्रग्रहण होने के कारण लोग इस दिन रंग नहीं खेल सकेंगे। 3 मार्च को भारतीय समयानुसार चंद्रग्रहण दोपहर 3.20 बजे से लेकर शाम 6.47 बजे तक रहेगा। चूंकि यह चंद्रग्रहण भारत में दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक भारत में मान्य रहेगा। ज्योतिषियों के अनुसार 3 मार्च को ग्रहण का प्रारंभ दोपहर 3:20 बजे से ▶▶|शेष पेज 6 पर

## सूतक का साया...



- आजादी के बाद पहली बार निर्मित हो रही है इस तरह की स्थिति
- भारत में दिखेगा 2026 का पहला चंद्रग्रहण, इसलिए सूतक मान्य

### 9 घंटे पूर्व सूतक प्रारंभ

ऐसे में शास्त्रों के अनुसार, ग्रहण और सूतक काल के दौरान किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य, उत्सव या रंग खेलना वर्जित माना गया है। ऐसे में 3 मार्च के अगले दिन यानी 4 मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा। ग्रहण प्रारंभ होने के 9 घंटे पूर्व सूतक प्रारंभ हो जाता है।

- पं.मनोज शुक्ला, महामाया मंदिर

### इन देशों में भी आएगा नजर

चूंकि यह छाया रूप में भारत में दिखेगा इसलिए खग्रास चंद्रग्रहण लगेगा। साल 2026 खगोलीय दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस साल कुल चार ग्रहण लगेंगे, जिनमें दो सूर्यग्रहण और दो चंद्रग्रहण शामिल हैं। इनमें से एक सूर्यग्रहण फरवरी मास में हो चुका है। फरवरी की तरह अगस्त में होने वाला सूर्यग्रहण भारत में अदृश्य रहेगा। 3 मार्च को लगने वाले खग्रास चंद्रग्रहण को पूरे एशिया और ऑस्ट्रेलिया में देखा जाएगा। इसके अलावा पैसिफिक द्वीपों और उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका में भी यह नजर आएगा। जानकारों के के मुताबिक, आजादी के बाद संभवतः पहली बार इस तरह की स्थिति निर्मित हो रही है, जब होलिका दहन के अगले दिन रंग ना खेलकर एक दिन के अंतराल में होली खेली जाएगी।








inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### चीता 'गामिनी' ने तीन शावकों को दिया जन्म



**श्योपुर।** दक्षिण अफ्रीका से भारत लायी गई मादा चीता 'गामिनी' ने मप्र के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में तीन शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि चीतों को भारत में फिर से बसाने के सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की दिशा में यह एक बड़ी सफलता है। गमिनी को दक्षिण अफ्रीका से भारत लाया गया था।

### 640 करोड़ के मामले में सीए को जमानत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 640 करोड़ रुपये के साइबर धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धनशोधन जांच में एक सनदी लेखाकार (सीए) को अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें भास्कर यादव को अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया गया था। उन्हें 10 दिनों के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था।

### अभिनेता जयसूर्या की 39 लाख की संपत्ति कुर्क



**कोच्चि।** ईडी ने धन शोधन मामले की जांच के तहत मलयालम अभिनेता जयसूर्या की 39 लाख रुपए मूल्य की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया है। संघीय जांच एजेंसी ने अभिनेता और उनकी पत्नी से 'सेव बॉक्स' नामक एक 'ऑनलाइन बोली' ऐप्लीकेशन के जरिए कुछ लोगों से कथित ठगी किए जाने के मामले में दिसंबर 2025 में पूछताछ की थी। स्वाति रहीम नामक एक व्यक्ति ने यह कथित निवेश योजना चलाई।

### महिला शोधार्थी को 'बच्चा चोर' बताकर पीटा

**इंदौर।** इंदौर में 30 वर्षीय महिला शोधार्थी को 'बच्चा चोर' बताकर सरेआम पीटते हुए अपमानित करने के आरोप में पुलिस ने लोगों के एक समूह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महिला शोधार्थी की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। यह घटना ऐसे वक्त सामने आई है, जब शहर में बच्चा चुराने वाले गिरोहों के सक्रिय होने की अफवाहें जोर पकड़ रही हैं और पुलिस इन्हें खारिज कर रही है। पीड़ित महिला एक स्थानीय महाविद्यालय में शोधार्थी है। उसे लोगों के एक समूह ने मंगलवार को एमआईजी थाना क्षेत्र में बच्चा चोर बताकर सरेआम पीटा और अपमानित किया।

छत्तीसगढ़ के छह जिले अब भी नक्सल प्रभावित, इनमें पांच जिले बस्तर संभाग के

# नक्सल मुक्ति के लिए 41 दिन शेष, फोर्स के टारगेट में देवजी, पापाराव, सोढ़ी समेत 100

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के सफाए का ऐलान किया है। उस मियाद में अब केवल 41 दिन ही शेष हैं। फोर्स बस्तर संभाग में नक्सलियों के सफाए के लिए लगातार कोर इलाके अबूझमाड़ व नेशनल पार्क क्षेत्र में आपरेशन चला रही है। फोर्स के टारगेट में एक ही टॉप मोस्ट नक्सली पोलित ब्यूरो व सेन्ट्रल कमेटी मेंबर तथा सेन्ट्रल रीजनल ब्यूरो व प्रभारी सेन्ट्रल मिलिट्री कमीशन 62 वर्षीय थिप्परी तिरूपति उर्फ देवजी का नाम शामिल है। इसके अलावा शीर्ष अन्य नक्सलियों में डीकेएसजेडसी मेंबर पापाराव व सोढ़ी केसा का नाम शामिल है। इन तीन टॉप मोस्ट नक्सलियों पर ही दो करोड़ से अधिक का ईनाम घोषित है।

हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा जारी की नई सूची में देशभर में अब केवल 8 जिले नक्सल प्रभावित बचे हैं। इनमें 6 जिले छत्तीसगढ़ के है, जिसमें बीजापुर, दंतेवाड़ा, गरियाबंद, कांकेर, नारायणपुर व सुकमा शामिल हैं। वहीं बस्तर व कोण्डागांव को नक्सलमुक्त की श्रेणी में रखा गया है। इस लिस्ट में इसके अलावा झारखण्ड का वेस्ट सिंहभूम व ओडिशा का कधंमाल जिला शामिल है। बस्तर के इन पांच जिलों में तीन जिले सुकमा, बीजापुर व नारायणपुर में फोर्स विशेष अभियान चला रही है जहां वर्दीधारी नक्सलियों की तादात अधिक है। इन तीन जिले में हाई अलर्ट जारी कर सुरक्षा एजेंसियों ने फाइनल आपरेशन की तैयारी तेज कर दी है मुठभेड़ों में लगातार टॉप मोस्ट नक्सलियों के मारे जाने के बाद वर्तमान में बचे हुए शीर्ष नक्सलियों समेत लगभग सौ नक्सलियों की पहचान कर उन्हें समर्पण करने लगातार अपील की जा रही है।

### माओवादी प्रभाव तथा हिंसक घटनाओं में आई गिरावट

माओवादी प्रभाव तथा हिंसक घटनाओं में आई स्पष्ट गिरावट सुरक्षा बलों, स्थानीय पुलिस और आम नागरिकों के संयुक्त, सतत एवं समर्पित प्रयासों का परिणाम है। सुदूर ग्रामीण अंचलों तक शासन की पहुंच बनी है। आधारभूत संरचनाओं का विस्तार, आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का प्रभावी क्रियान्वयन तथा निरंतर विश्वास निर्माण हुआ है। विशेषकर युवाओं एवं जनजातीय समुदायों में मुख्यधारा से जुड़ने की सकारात्मक आकांक्षा सामने आई है।

### डेढ़ साल में 400 से ज्यादा नक्सली मारे, इन पर था 23 करोड़ का इनाम





### सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर में रणनीतिक आपरेशन



मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त बस्तर के संकल्प की प्राप्ति करने सातों जिलों में समन्वित और बहुस्तरीय कार्ययोजना लागू की गई है जिसके अंतर्गत विशेष रूप से सुकमा, बीजापुर एवं नारायणपुर जिलों में लक्षित रणनीतिक अभियान संचालित किए जा रहे हैं। जनता के सहयोग, सुरक्षा बलों के अदम्य साहस और प्रशासन की दृढ़ प्रतिबद्धता के बल पर बस्तर शीघ्र ही पूर्ण शांति, सुरक्षा और सतत विकास का सशक्त उदाहरण बनकर उभरेगा।

-सुंदरराज पट्टलिंगम, आईजी बस्तर

### पिछले डेढ़ वर्ष में फोर्स ने नक्सलियों की तोड़ी रीढ़

बस्तर में तैनात सुरक्षाबलों ने बीते डेढ़ वर्ष में नक्सलियों की कमर तोड़कर रख दी। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के कोर इलाकों में आपरेशन कर एक तरह से नक्सलियों को चुनौती देते हुए अभियान संचालित किया। फोर्स ने पिछले डेढ़ वर्ष में 4 सौ से अधिक हार्डकोर नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया इन नक्सलियों में 23 करोड़ 68 लाख रूपए का ईनाम केवल छग में घोषित था। सुरक्षाबलों ने इन डेढ़ वर्षों में 1 करोड़ के ईनामी सेन्ट्रल कमेटी मेंबर के अलावा सीसी मेंबर, सेन्ट्रल जोनल कमेटी मेंबर, डीवीसी मेंबर, एरिया कमेटी मेंबर, मिलिशिया मेंबर, एलओएस मेंबर, एलजीएस मेंबर, स्मॉल एक्शन टीम मेंबर, जनमिलिशिया मेंबर, के अलावा जनताना सरकार, डीऐकेएमएस, केएएमएस, सीएनएम, रेंज कमेटी, जीआरडी, आरपीसी, टेक्निकल टीम, सप्लाई टीम समेत अन्य मेंबर को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों में 259 पुरूष व 152 महिला नक्सली शामिल है।

19 जनवरी को नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बाद पुलिस ने कहा था गरियाबंद नक्सलमुक्त

# फोर्स की नजर में गरियाबंद नक्सल-मुक्त, पर केंद्र के रिकार्ड में प्रभावित जिला



गोरेलाल सिन्हा ▶▶| गरियाबंद

हरिभूमि तत्काल

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में अब केवल 6 जिले ही नक्सल प्रभावित हैं। इनमें चार जिले छत्तीसगढ़ के हैं। सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर के साथ गरियाबंद जिला भी इस सूची में शामिल है। हालांकि गरियाबंद जिला अघोषित रूप से नक्सल-मुक्त हो चुका हैं। बीते माह जनवरी में 45 लाख रुपए के इनामी 9 हार्डकोर माओवादियों ने हथियारों सहित आत्मसमर्पण किया था। इनमें 6 पुरुष और 3 महिला नक्सली शामिल थे। सभी ने रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में एसडीके और सीनापाली क्षेत्रीय समितियों के सचिव, डिवीजनल समिति सदस्य और पार्टी सदस्य शामिल थे। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 2006 से शुरू हुआ था लाल आतंक का दौर

साल 2006 में माओवादियों की पहली आमद के साथ ही गरियाबंद लाल आतंक के साए में आ गया था। उदंती-सीतानदी, नगरी, उदंती, एसडीके और सीनापाली जैसी पांच क्षेत्रीय समितियां यहां सक्रिय थीं। वर्षों तक चली हिंसा में कई जवान शहीद हुए और बड़ी संख्या में माओवादी भी मारे गए। वर्ष 2025 में भालूडीगी मुठभेड़ के बाद समितियों का विलय और आत्मसमर्पण की प्रक्रिया तेज हुई। नवंबर 2025 में उदंती समिति के आत्मसमर्पण के बाद शेष सक्रिय माओवादी भी मुख्यधारा में लौट आए। अब तक जिले में 28 माओवादी मुठभेड़ों में मारे गए।

चीनी रोबोट को खुद का बताया, हुआ एक्शन

# गलगोटिया यूनिवर्सिटी एआई समिट से 'आउट'



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

निजी विश्वविद्यालय गलगोटिया को 'एआई इम्पैक्ट समिट' में अपना स्टॉल खाली करने के लिए कहा गया है। चीन में निर्मित एक 'रोबोटिक डॉग' को अपने स्वयं के नवाचार के तौर पर प्रदर्शित करने को लेकर हुए विवाद के बाद उसे प्रदर्शनी से हटने को कहा गया है। सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने विवाद के बाद कहा कि सरकार नहीं चाहती कि कोई भी प्रदर्शक ऐसी वस्तुओं का प्रदर्शित करे जो उसकी अपनी न हों। आयोजकों द्वारा गलगोटिया विश्वविद्यालय को अपना 'स्टॉल' खाली करने के लिए कहे जाने के बाद उन्होंने कहा, हम इस तरह की चीजों को प्रदर्शित करना जारी नहीं रखना चाहते। यह विवाद तब शुरू हुआ जब विश्वविद्यालय में संचार की प्रोफेसर नेहा ▶▶|शेष पेज 6 पर

### पीएम आज करेंगे शिखर सम्मेलन का उद्घाटन



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजधानी के 'भारत मंडपम' में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 2026' का गुरुवार को उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही वह शिखर सम्मेलन में शामिल कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। उद्घाटन समारोह को मोदी के साथ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस तथा दुनिया भर के उद्योग दिग्गज संबोधित करेंगे। इसके बाद वह अन्य नेताओं के साथ 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026' का दौरा करेंगे जहां वे लोग प्रदर्शनी में लगे विभिन्न देशों के मंडप देखेंगे।

### एआई समिट पीआर का तमाशा: राहुल



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' 2026 में एक निजी विश्वविद्यालय द्वारा चीन में निर्मित 'रोबोटिक कुत्ते' को प्रदर्शित किए जाने का हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि सरकार द्वारा आयोजित यह बड़ा कार्यक्रम सिर्फ पीआर (प्रचार) का तमाशा बन गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, भारत की प्रतिभा और डेटा का उपयोग करने के बजाय, एआई शिखर सम्मेलन अव्यवस्थित तरीके से पीआर का तमाशा बन गया है। भारतीय डेटा बिक्री के लिए उपलब्ध है और चीनी उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ की दो सीटें

# राज्यसभा की 37 सीटों के लिए 16 को चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राज्यसभा की 37 सीट पर 16 मार्च को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव में भाजपा की स्थिति मजबूत रहने की संभावना है क्योंकि जिन 10 राज्यों में ये सीट रिक्त हो रही हैं, उनमें से छह में पार्टी की सरकार है या वह सत्तारूढ़ गठबंधन में साझेदार है। कुल 37 सीट दो और नौ अप्रैल को रिक्त होने वाली हैं।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, जिन राज्यों में ये सीट रिक्त हो रही हैं उनमें महाराष्ट्र (सात सीट), ओडिशा (चार), तेलंगाना (दो), तमिलनाडु ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 10 राज्यों में चुनाव

महाराष्ट्र, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा और असम में भाजपा की सरकारें हैं या वह सत्तारूढ़ गठबंधन में साझेदार है। इससे पार्टी को उच्च सदन में बहुमत हासिल करने में मदद मिलेगी। वहीं, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में, विपक्षी पार्टियां सत्ता में हैं।

# 800 जवान निकले और गढ़चिरौली में 44 माओवादी स्मारकों को ढहाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सी-60, सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल के 18 दस्तों के लगभग 800 जवानों ने अभियान चलाकर एक ही दिन में कुल 44 नक्सली स्मारकों को नष्ट कर दिया है। मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी तथा बस्तर अबूझमाड़ से सटे गढ़चिरौली जिला, जो एक सुदूर चरमपंथी क्षेत्र माना जाता रहा है। यहां के लोगों के मन में आतंक पैदा करने के लिए माओवादियों ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 800 जवानों ने अभियान चलाकर एक ही दिन में की बड़ी कार्रवाई



### जिले में नक्सली लगभग खत्म

गढ़चिरौली जिले में माओवादी लगभग खत्म हो चुके है। गढ़चिरौली पुलिस बल हमेशा जिले के नागरिकों के लिए सुरक्षा के लिए मुस्तैद हैं। किसी को भी माओवादियों की भ्रांतियों का शिकार नहीं होने देंगे।

-नीलोत्पल, पुलिस अधीक्षक

### चला बड़ा ऑपरेशन

तोड़े गए स्मारकों में एटापल्ली उपखंड में 18, हेडारी उपखंड में 17, भामरागढ़ उपखंड में 05, जिमालगट्टा उपखंड में 02, धनोरा उपखंड में 01 और पेंडारी उपखंड में 01 शामिल हैं। माना जाता रहा है माओवादियों का गढ़-नक्सल सेल के मुताबिक माओवादियों के लिए यह क्षेत्र स्वर्ग माना जाता रहा है, ये अत्यंत दूरस्थ पेंगुंडा, कवंडे, तुमारकोथी, गार्डेवाड़ा, वांगेटुरी और गट्टा अन्य गांवों में माओवादियों के स्मारकों को नष्ट करके गढ़चिरौली पुलिस बल ने क्षेत्र के नागरिकों के बीच बचे माओवादियों के निशान और उनके आतंक को समाप्त कर दिया है।

कलेक्टर की रिपोर्ट के बाद सरकार की सख्ती, एसडीएम पर बड़ी कार्रवाई

# किसान की हत्या का आरोपी एसडीएम जेल दाखिल होने के बाद हुआ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/कुसमी

हरिभूमि फॉलोअप

ग्राम हंसपुर में एसडीएम व उसके गुर्गों की पिटाई से ग्रामीण की मौत के मामले में अब राज्य शासन ने बड़ी कार्रवाई की है। हत्या के मामले में जेल भेजे गए एसडीएम करुण डहरिया को राज्य शासन ने निलंबित कर दिया है। संबंध में शासन की ओर से आदेश जारी किया गया। पिटाई से मौत के बाद बुजुर्ग का मंगलवार की रात ही अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना को लेकर लोगों में अभी भी भारी रोष का माहौल है। इधर सुरक्षागत कारणों से आरोपी एसडीएम करुण डहरिया को रामानुजगंज जिला जेल से




एसडीएम और दबंगों ने तीन ग्रामीणों को बेरहमी से पीटा, बुजुर्ग की मौत

केन्द्रीय जेल में शिफ्ट किया गया है। बता दें कि अवैध बॉक्साइट उत्खनन का विरोध करने और बॉक्साइट लोड वाहन को पकड़ने से नाराज ▶▶|शेष पेज 6 पर

### गांव में हूटर बजाते हुए मचाया आतंक

एसडीएम और उसके गुर्गों की पिटाई से ग्रामीण की मौत के बाद 17 फरवरी की देर रात बुजुर्ग राम उर्फ रामनरेश का अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना से लोगों में रोष का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि एसडीएम व पकड़े गए लोगों के अलावा अन्य लोग भी वारदात में शामिल थे। एसडीएम और उनके ▶▶|शेष पेज 6 पर

### आदिवासी के हत्यारे पर कड़ी कार्रवाई हो: डॉ. महंत



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने हंसपुर घटना को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को जांच के लिये लिखा पत्र। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ बलरामपुर जिले के हंसपुर गांव में एक आदिवासी ग्रामीण की मृत्यु की जांच को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को पत्र लिखकर जाँच की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ बलरामपुर जिले के हंसपुर गांव में घटित घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं गंभीर है। श्री महंत ▶▶|शेष पेज 6पर

## चिंतन

# छद्म दिखावे में फंसी गलगोटिया यूनिवर्सिटी

ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी इन दिनों ऐसे विवाद के केंद्र में है, जिसने केवल एक संस्थान नहीं, बल्कि भारत की उभरती तकनीकी छवि पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर हुए एआई एक्सपो में प्रदर्शित रोबोटिक डॉग और सॉकर ड्रोन को लेकर उठे सवालों ने यह बहस तेज कर दी है कि क्या हम नवाचार के नाम पर 'छद्म दिखावे' की राह पर तो नहीं बढ़ रहे? मामला तब गरमा गया, जब एक वीडियो में यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर नेहा सिंह ने रोबोटिक डॉग 'ओरियन' को विश्वविद्यालय के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में विकसित बताया। साथ ही यह भी दावा किया कि एआई क्षेत्र में 350 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है, लेकिन टेक विशेषज्ञों और सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा किया कि यह रोबोट असल में चीनी कंपनी का है, जो बाजार में 2 से 3 लाख रुपये में उपलब्ध है। विवाद यहीं नहीं थमा। सॉकर ड्रोन को भी विश्वविद्यालय द्वारा 'इन-हाउस' विकसित बताने का दावा किया गया, जबकि जानकारों का कहना है कि वह दक्षिण कोरिया की किसी कंपनी का उत्पाद है। भारत आज एआई, रोबोटिक्स और डीप टेक के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बनाने की कोशिश कर रहा है। ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की किरकिरी हुई है। चीनी मीडिया ने इस मामले को अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठाया है। हालांकि सरकार ने डैमेज कंट्रोल करते हुए एक्सपो वेन्यू खाली कराने के आदेश देकर त्वरित कार्रवाई की। यह कदम इस बात का संकेत है कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की साख को लेकर संवेदनशीलता बरती जा रही है, लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल प्रशासनिक कार्रवाई पर्याप्त है? या हमें उच्च शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही की एक सख्त संस्कृति विकसित करनी होगी? यदि किसी विदेशी उत्पाद को 'अपना विकसित' बताकर प्रस्तुत किया गया है तो यह केवल नैतिक चूक नहीं, बल्कि अकादमिक ईमानदारी पर भी सवाल है। नवाचार की दुनिया में विश्वास ही सबसे बड़ी पूंजी है। एक बार भरोसा टूटे तो उसे वापस पाना आसान नहीं होता। सबसे बड़ी चिंता उन छात्रों की है जो इस संस्थान में पढ़ रहे हैं। वे इस विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं हैं, लेकिन असर उनके भविष्य पर पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय कंपनियां और रिसर्च संस्थान जब किसी विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी करते हैं, तो उसकी विश्वसनीयता को भी परखते हैं। यदि किसी संस्थान की छवि संदिग्ध बनती है, तो प्लेसमेंट और सहयोग के अवसर प्रभावित हो सकते हैं। यदि गलती हुई है तो उसे स्वीकार करना ही संस्थान की विश्वसनीयता बहाल करने का पहला रास्ता होगा। दूसरा, विश्वविद्यालयों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे 'डेवलपमेंट', 'इंटीग्रेशन' और 'डेमो' जैसे शब्दों का उपयोग किस संदर्भ में कर रहे हैं। किसी उत्पाद का कस्टमाइजेशन या रिसर्च-आधारित उपयोग और उसे पूरी तरह विकसित करने में जमीन-आसमान का अंतर है। नियामक संस्थाओं को भी तकनीकी प्रदर्शनों और दावों की सत्यता की समय-समय पर समीक्षा करनी चाहिए। इससे भविष्य में ऐसे विवादों की संभावना कम होगी। गलगोटिया विवाद केवल एक विश्वविद्यालय की कहानी नहीं है। यह उस दबाव की भी कहानी है, जिसमें भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान वैश्विक प्रतिस्पर्धा में खुद को साबित करने की जल्दबाजी में कभी-कभी सीमाएं लांघ जाते हैं। छद्म दिखावे से क्षणिक सुर्खियां मिल सकती हैं, लेकिन दीर्घकालिक सम्मान केवल ईमानदार नवाचार से ही मिलता है।



भारत-बांग्लादेश
राज कुमार सिंह

> अगस्त, 2024 में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार में भारत- बांग्लादेश संबंधों में कटुता चरम पर दिखी। बांग्लादेश में हिंदू नागरिकों, उनके धर्मस्थलों एवं घरों-व्यावसायिक ठिकानों को चुन-चुन कर निशाना बनाया गया। जिस भारत के सहयोग से 1971 में पाकिस्तान के शिकंजे और दमनचक्र से मुक्त होकर बांग्लादेश स्वतंत्र देश बन पाया, उसी के विरोध में यूनुस सरकार चीन और पाकिस्तान के साथ दोस्ती तक चली गई। ऐसे में यह देखना बेहद महत्वपूर्ण होगा कि परंपरागत घरेलू राजनीति के चक्रव्यूह में फंसने के बजाय तारिक देश के बेहतर भविष्य की राह पर चलने का साहस जुटा पाते हैं या नहीं।

# सत्ता परिवर्तन से सुधरेंगे संबंध?

भारत के सबसे अप्रत्याशित और नए दुश्मन देश बांग्लादेश में नव निर्वाचित सरकार पदारूढ़ हो गई। 17 साल बाद ब्रिटेन से स्वदेश लौट कर चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का नेतृत्व करने वाले तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बने हैं। शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रित किया गया था, पर भारत का प्रतिनिधित्व किया लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने। भारत की ओर से शुभकामना पत्र देते हुए बिरला ने तारिक को भारत यात्रा का निमंत्रण भी दिया। अगस्त, 2024 में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार में भारत-बांग्लादेश संबंधों में कटुता चरम पर दिखी। बांग्लादेश में हिंदू नागरिकों, उनके धर्मस्थलों एवं घरों-व्यावसायिक ठिकानों को चुन-चुन कर निशाना बनाया गया। हत्याएं और बलात्कार की घटनाएं भी हुईं। जिस भारत के सहयोग से 1971 में पाकिस्तान के शिकंजे और दमनचक्र से मुक्त होकर बांग्लादेश स्वतंत्र देश बन पाया, उसी के विरोध में यूनुस सरकार चीन और पाकिस्तान के साथ दोस्ती तक चली गई।

बेशक जेन जी के विद्रोह से अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत द्वारा शरण से भी परस्पर कटुता बढ़ी, लेकिन एक दोस्त देश का दुश्मनों से हाथ मिला लेना बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति है, क्योंकि दोनों के बीच लंबी सीमा है। इसी कटुता के परिणामस्वरूप बांग्लादेश ने पाकिस्तान के उकसावे में आकर टी-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट का बहिष्कार भी कर दिया। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्ता परिवर्तन से भारत-बांग्लादेश संबंध सुधरेंगे ? बेशक तारिक रहमान ने चुनाव प्रचार के दौरान ऐसा कुछ नहीं कहा, जिससे आशंकित हुआ जाए। ज्यादातर जानकार उनके 31 सूत्रीय एजेंडा को बेहतर संबंधों की संभावना का ही संकेत मानते हैं। जमात-ए-इस्लामी पार्टी और शेख हसीना सरकार के विरुद्ध विद्रोह करने वाली जेन जी की नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) की तरह भारत विरोधी कार्ड खेलने से तारिक ने परहेज ही किया। डिजिटल डोमेन और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस आदि के जरिए तारिक बांग्लादेश को रेनबो नेशन बनाने का सपना दिखा रहे हैं, जिसमें भारत से संबंध सुधार की संभावनाएं प्रबल हो सकती हैं।

तारिक मंत्रिमंडल में एक-एक हिंदू और बौद्ध को भी शामिल किया गया है, लेकिन यह भी सच है कि वह जिया उर रहमान और खालिदा जिया के राजनीतिक वारिस हैं, जो भारत विरोध की ही राजनीति करते रहे। यह तो ऐतिहासिक सच है कि बांग्लादेश के जनक माने जाने वाले बंगबंधु शेख मुजीब उर रहमान और उनकी बेटी शेख हसीना भारत के सबसे विश्वसनीय दोस्त रहे, जिन्हें पहले जिया उर रहमान और फिर खालिदा जिया राजनीतिक चुनौती देते रहे। यह भी कि जिया उर रहमान और खालिदा जिया के शासन में भारत-बांग्लादेश संबंध कभी भी सहज नहीं रहे। संसद के जिन चुनावों में प्रचंड जीत के जरिये तारिक रहमान ने सत्ता हासिल की है, उनमें शेख हसीना की आवामी लीग को भाग नहीं लेने दिया गया। शेख हसीना इन चुनावों को मानने को



भी तैयार नहीं हैं। जाहिर है, यूनुस सरकार द्वारा शेख हसीना के प्रत्यर्पण का आग्रह तारिक सरकार भी दोहराएगी।

लगभग डेढ़ साल से भारत में रह रहीं शेख हसीना के प्रत्यर्पण का फैसला निश्चय ही भारत के लिए आसान नहीं होगा, क्योंकि उनके तख्तापलट के पीछे अन्य देशों की भूमिकाओं की चर्चा भी आम रही है। ऐसे में दोनों परिवारों की परंपरागत कटुता के अलावा वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में भी तारिक सरकार के लिए शेख हसीना के प्रत्यर्पण का मुद्दा गरमाये रखना अनुकूल साबित होगा। कभी बीएनपी की राजनीतिक दोस्त रही कट्टरपंथी और पाकिस्तानपरस्त जमात-ए-इस्लामी इस बार मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरी है। शेख हसीना सरकार के तख्तापलट की अगुआ बनी एनसीपी को मतदाताओं ने तो चुनाव में नकार दिया, पर नई सरकार के शपथ ग्रहण के साथ ही उसने 'जुलाई चार्टर' के मुद्दे पर संघर्ष का ऐलान कर दिया है। दरअसल 12 फरवरी को संसद के चुनाव के साथ ही जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह भी हुआ था। आंकड़े बताते हैं कि 62 प्रतिशत लोगों ने इसके पक्ष में वोट दिया। जुलाई चार्टर के मुताबिक नवनिर्वाचित संसद को 180 दिन तक संविधान सभा के रूप में काम करना चाहिए, जिस दौरान संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं में संशोधन किए जाने हैं, लेकिन बीएनपी के सांसदों ने यह कह कर संविधान सभा के सदस्य के रूप में शपथ लेने से इनकार कर दिया कि संविधान में ऐसा कोई प्रावधान ही नहीं है।

वे सिर्फ संसद के लिए चुने गए हैं, न कि किसी संविधान परिषद के लिए। जुलाई चार्टर के मुताबिक, कोई भी नेता अधिकतम दस साल या दो कार्यकाल के लिए ही प्रधानमंत्री रह पाएगा। प्रधानमंत्री अपने दल का अध्यक्ष नहीं रह सकेगा। साथ ही कई स्वतंत्र संस्थाओं के प्रमुखों की नियुक्ति में राष्ट्रपति की भूमिका ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाएगी। इतना ही नहीं, आपातकाल लगाने का फैसला भी केबिनेट और विपक्ष के नेता की लिखित सहमति से ही हो पाएगा। संसद का उच्च सदन भी बनेगा, जो प्रधानमंत्री चुनने वाले निचले सदन के फैसलों को नियंत्रित कर सकेगा। दरअसल सत्ता का विकेंद्रीकरण करने के मकसद से जुलाई चार्टर में 80 से भी अधिक सुधार-प्रस्ताव हैं, जिनमें से लगभग आधे संविधान संबंधी हैं।

बीएनपी ने भी जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन चुनाव जीतने के बाद उसके कई नेताओं का तर्क है कि न तो चार्टर तैयार करते समय उनसे सलाह ली गई थी और न ही संविधान में ऐसी किसी परिषद का प्रावधान है, जो उस पर अमल कर सकें। जाहिर है, आने वाले दिनों में जुलाई चार्टर पर बांग्लादेश में राजनीतिक टकराव बढ़ेगा। तारिक के पास अपने पिता जिया और मां खालिदा जैसा राजनीतिक अनुभव नहीं है, पर विदेश प्रवास के चलते देश के लिए नए सपने हो सकते हैं। उनकी अनुभवहीनता के चलते भारत विरोधी चीन और पाकिस्तान भी उन पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहेंगे।

ऐसे में यह देखना बेहद महत्वपूर्ण होगा कि परंपरागत घरेलू राजनीति के चक्रव्यूह में फंसने के बजाय तारिक देश के बेहतर भविष्य की राह पर चलने का साहस जुटा पाते हैं या नहीं। इतिहास भी बताता है कि पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश में भी 'भारत विरोध' तमाम समस्याओं से ध्यान हटाने का सरकारों का आजमाया हुआ नुस्खा रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक है, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



नृसिंहवाड़ी कोल्हापुर जिले का एक लोकप्रिय धार्मिक स्थल है। यह दत्ता भक्तों की राजधानी होने के लिए जाना जाता है। कृष्णा और पंचगंगा नदियों के पवित्र संगम पर स्थित, महाराष्ट्रीयन इतिहास के प्रसंगों में इसका व्यापक महत्व है।


## करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल!



संकलित
दर्शन

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है।राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मो में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।

## एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित
प्रेरणा

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

## जयंती विशेष

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# मराठा अस्मिता के रक्षक थे महायोद्धा छत्रपति शिवाजी

छत्रपति शिवाजी महाराज मराठा संस्कृति के प्रखर संरक्षक थे। शिवाजी महाराज भारतीय संस्कृति और धर्म के शाश्वत मूल्यों के ध्वजवाहक रहे। इनका जन्म 19 फरवरी 1630 को महाराष्ट्र के शिवनेरी दुर्ग में हुआ था। उनके पिता शाह जी भोंसले तथा माता जीजाबाई थी। इनका मूल नाम शिवाजी भोसले था, लेकिन उनके सुशासन और नेतृत्व कुशलता के कारण इनको छत्रपति अर्थात क्षत्रियों का प्रमुख की उपाधि दी गई। शिवाजी के फौलादी चरित्र के निर्माण में माता जीजाबाई का बहुत बड़ा योगदान था। जीजाबाई ने बालक शिवाजी के मानस पटल पर भारत देश की महान धार्मिक संस्कृति तथा राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत संस्कारों को पल्लवित किया था ,जिसके परिणाम स्वरूप युवावस्था में ही शिवाजी महाराज ने मुगलों के आततायी शासन से टकराने का संकल्प लिया। मराठा संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के अपने विराट संकल्प का प्रारंभ इन्होंने 1645 ईस्वी में तोरण किले पर अधिकार करके किया। शिवाजी का संपूर्ण जीवन महान आदर्शों की गाथा है। मराठा संस्कृति से परिपूर्ण स्वराज की स्थापना के दृढ़ संकल्प के बल पर शिवाजी ने सीमित साधनों के होते हुए विशाल मुगल सेना से टक्कर ली। पराक्रमी वीर योद्धा शिवाजी ने विकट से विकट परिस्थितियों का सामना करते हुए स्वराज्य की ज्योति जलाई। छत्रपति की दूरदर्शिता और नेतृत्व ने मराठा साम्राज्य को एक नए युग में पहुंचाया। छत्रपति शिवाजी का संघर्ष एक शासक के रूप में सत्ता पाना नहीं था, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता की अवधारणा को स्थापित करना था। गोरिल्ला युद्ध और छापा मार अभियानों के शिवाजी पूर्ण रूप से पारंगत थे। युद्ध नीतियों के मर्मज्ञ शिवाजी ने गोरिल्ला युद्ध के माध्यम से मुगलों को पराजित किया। छत्रपति की यह विशेषता थी कि वह शत्रु पर अचानक आक्रमण करके उनको चौंका देते थे। शिवाजी और उनके मराठा रणबांकुरे जब युद्ध के मैदान में 'जय भवानी जय शिवाजी' एवं 'हर हर महादेव' के युद्ध जय घोषों से उतरते थे तो उनके पराक्रम और साहस के समक्ष मुगल सेना के हौसले परास्त हो जाते थे। शिवाजी ने 1659 प्रतापगढ़ के युद्ध में औरंगजेब की ओर से बीजापुर के अफजल खान के विरुद्ध ऐतिहासिक विजय प्राप्त की थी। इस युद्ध में शिवाजी ने अपनी बुद्धिमत्ता से अफजल खान को बुरी तरह प्राप्त किया था। 1660 में शिवाजी ने बीजापुर के आदिलशाही सल्तनत को कोल्हापुर के युद्ध में पराजित किया। 1661 में उबरखिंड के युद्ध में भी शिवाजी ने विजय प्राप्त की। 17वीं सदी के मध्य में शिवाजी ने मुगलों के आक्रमणों के विरुद्ध शारीरिक युद्ध ही नहीं लड़ा, बल्कि उन्होंने भारत के सांस्कृतिक, धार्मिक तथा सामाजिक अधिकारों के लिए भी संघर्ष किया। महान योद्धा होने के साथ-साथ शिवाजी धर्म, राष्ट्रीयता के जीवंत प्रतीक थे। शिवाजी ने 1674 में रायगढ़ को अपने राज्य की राजधानी बनाकर स्वतंत्र मराठा साम्राज्य की स्थापना की। यह दिन केवल जन्मदिन ही नहीं बल्कि छत्रपति के स्वाभिमान, साहस और राष्ट्र प्रेम का भी प्रतीक है।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, , ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### लोकलुभावन घोषणाओं पर बढ़ता खर्च

सभी राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए सरकारी खजाने से मुफ्त धन व अन्य वस्तुएं बांटने की घोषणा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका स्वीकार करने का स्वागत है। सुप्रीम कोर्ट ने देश पर बढ़ते कर्ज और चुनावी लोकलुभावन घोषणाओं के बीच के खतरनाक संबंध को गंभीरता से लेते हुए जनहित याचिका की सुनवाई के लिए तत्परता दिखाई है, क्योंकि यह मुद्दा केवल चुनावी नैतिकता तक सीमित नहीं, बल्कि देश की दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता से जुड़ा है। पिछले एक दशक में राज्यों का सार्वजनिक ऋण तेजी से बढ़ा है और रिज़र्व बैंक की विभिन्न रिपोर्टें यह संकेत देती हैं कि कई राज्य अपने राजस्व का बड़ा हिस्सा केवल ब्याज चुकाने में खर्च कर रहे हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे और सुरक्षा जैसे जरूरी क्षेत्रों के लिए संसाधन सीमित हो रहे हैं।

*– अंकित श्रीवास्तव, भाटापारा*

## करंट अफेयर


# पृथ्वी की कक्षा में बढ़ते उपग्रहों से बढ़ा संकट

पृथ्वी की कक्षा में तेजी से बढ़ती उपग्रहों की संख्या को लेकर वैज्ञानिकों और विधि विशेषज्ञों ने गंभीर चिंता जताई है और चेतावनी दी है कि यदि प्रभावी नियमन नहीं किया गया तो अंतरिक्ष में उपग्रहों की टक्कर होने और पर्यावरणीय क्षति का बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। वैज्ञानिकों और विधि विशेषज्ञों का हालांकि मानना है कि समय रहते ठोस नीतिगत कदम उठाकर स्थिति को संभाला जा सकता है। अमेरिका के संघीय संचार आयोग (एफसीसी) के समक्ष 30 जनवरी 2026 को स्पेस एक्स ने समक्ष अंतरिक्ष में डेटा केंद्रों को संचालित करने के लिए अधिकतम 10 लाख उपग्रहों को भेजने की अनुमति के लिए आवेदन दायर किया। प्रस्तावित योजना के तहत 500 से 2,000 किलोमीटर की ऊंचाई के बीच निम्न पृथ्वी कक्षा में उपग्रह स्थापित किए जाएंगे। कुछ कक्षाएं लगभग निरंतर सूर्य प्रकाश में रहने के लिए डिजाइन की गई हैं। इस प्रस्ताव पर फिलहाल सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित हैं। फरवरी 2026 तक पृथ्वी की कक्षा में करीब 14,000 सक्रिय उपग्रह मौजूद हैं, जबकि लगभग 12 .3 लाख प्रस्तावित उपग्रह परियोजनाएं विभिन्न चरणों में हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा स्वीकृति प्रक्रिया मुख्यत: तकनीकी पहलुओं, जैसे रेडियो आवृत्तियों और प्रक्षेपण सुरक्षा, तक सीमित है।



## ऑफ बीट

# 22 मिनट का व्यायाम करेगा स्वास्थ्य जोखिमों को कम



विकसित देशों में लोग प्रतिदिन औसतन नौ से दस घंटे बैठे रहते हैं। चाहे वह कंप्यूटर के सामने समय बिताना हो, ट्रैफिक में फंसना हो, या टीवी के सामने आराम करना हो, हमारा जीवन तेजी से गतिहीन हो गया है। यह चिंताजनक है क्योंकि लंबे समय तक बैठे रहने से मोटापा, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं जुड़ी होती हैं। ये स्वास्थ्य समस्याएं शीघ्र मृत्यु का कारण बन सकती हैं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए, दिन में केवल 22 मिनट व्यायाम करने से अत्यधिक गतिहीन जीवन शैली से समय से पहले मौत का खतरा कम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग दिन में 12 घंटे से अधिक समय तक गतिहीन रहते थे, उनमें मृत्यु का जोखिम सबसे अधिक था (आठ घंटे तक गतिहीन रहने वाले लोगों की तुलना में 38% अधिक जोखिम)। हालाँकि, यह केवल उन लोगों में देखा गया जो प्रतिदिन 22 मिनट से कम मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करते थे। इसलिए जिन लोगों ने 22 मिनट से अधिक व्यायाम किया, उनके लिए अब कोई महत्वपूर्ण जोखिम नहीं था – यानी, जोखिम आम तौर पर उन लोगों के समान हो गया जो आठ घंटे तक गतिहीन थे।

## ट्रेंड

### द्विपक्षीय साझेदारी



क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविच के साथ सार्थक चर्चा हुई। हमने प्रौद्योगिकी, नवाचार, जहाज निर्माण, नीली अर्थव्यवस्था और आईएमईईसी कॉरिडोर के माध्यम से कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने जैसे क्षेत्रों में अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को गति देने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जयंती पर नमन



अध्यात्म और सत्यनिष्ठ जीवन के माध्यम से विश्वबंधुत्व का संदेश देने वाले रामकृष्ण परमहंस ने सम्पूर्ण मानव जाति को एक नई दिशा दी। महान संत रामकृष्ण परमहंस जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### बिजनेस-फ्रेंडली सिटी



दिल्ली में व्यापार करना पहले से अधिक आसान हुआ है। सिंगल विंडो सिस्टम से तेजी से अनुमतियां मिल रही हैं, लाइसेंसिंग प्रक्रिया सरल हुई है और बिना गारंटी के लोन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। दिल्ली को बिजनेस-फ्रेंडली सिटी बनाने के लिए सरकार नीतियों में सुधार कर रही है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### दिव्यांग विश्वविद्यालय ठप



भाजपा सरकार के बजट ने प्रदेश के विशेष योग्यजनों को पूरी तरह निराश किया है। हमारी सरकार ने 2 दिव्यांग विश्वविद्यालय दिए, जिन्हें आज ठप कर दिया गया है। इनका काम आगे बढ़ता तो ये प्रदेश के दिव्यांगों के काम आते।

अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

**असम चुनाव में बड़ा बदलाव, 1200 वोटर की लिमिट भी की गई सेट**

# पोलिंग बूथ पर मोबाइल ले जाने की छूट, ईवीएम पर पहली बार रंगीन फोटो

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने की कई अहम बदलावों की घोषणा | 100 मीटर दूर अपनी टेबल लगा सकेंगे राजनीतिक दल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

असम में चुनावी तैयारियों की समीक्षा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कई अहम बदलावों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस बार ईवीएम पर उम्मीदवारों की रंगीन फोटोज लगाई जाएंगी। इसके अलावा उनके नाम और सीरियल नंबर भी बड़े फॉन्ट में दिखेंगे ताकि मतदाताओं की पहचान आसानी से हो सके। इसके अलावा प्रत्येक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1,200 मतदाताओं की सीमा तय की गई है। खास बात यह है कि पहली बार असम में मतदाता अपने मोबाइल फोन मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर जमा कर सकेंगे जिससे मतदान प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बन सके।



### यह होगा हर मतदान केंद्र में

असम में चुनाव तैयारियों की समीक्षा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, 'हमारे जो उम्मीदवार होते हैं, उनकी भी ये शिकायत होती थी कि उनके जो फोटोज होते हैं, वो इतने पुराने होते हैं कि मतदाता उन्हें पहचान ही नहीं पाते। इसलिए पहली बार ईवीएम पर उम्मीदवारों की कलर फोटोज डिस्प्ले की जाएंगी और उनके नाम व सीरियल नंबर बड़े फॉन्ट में दिखाए जाएंगे। हमने हर मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा तय की है। जिससे लाइनें बहुत लंबी ना हों और मतदाताओं को बहुत ज्यादा देर इंतजार ना करना पड़े।'

### ये हैं नए इनिशिएटिव

ज्ञानेश कुमार ने कहा, 'जहां तक नए इनिशिएटिव की बात है तो असम में पहली बार मतदाताओं को यह मौका मिलेगा कि मोबाइल घर पर छोड़कर जाने की जरूरत नहीं है। आप आसानी से पोलिंग बूथ के दरवाजे तक अपना फोन लेकर जा सकते हैं। और बाहर मोबाइल फोन रखने के बाद अंदर जाकर वोट करें और वापस अपना फोन लें। यह मांग काफी लंबे समय से हो रही थी तो चुनाव आयोग ने यह फैसला लिया कि यह सुविधा दी जानी चाहिए।' मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, 'अभी तक राजनीतिक दलों को पोलिंग बूथ से काफी दूर बैठाया जाता था। लेकिन अब मतदाताओं की मदद के लिए वे 100 मीटर दूर अपनी टेबल लगा सकते हैं।'इस दौरान, ज्ञानेश ने बताया कि दस राज्यों में राज्यसभा की 37 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 16 मार्च को होंगे। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को यह जानकारी दी। ये सीट महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, असम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और बिहार में अप्रैल में अलग-अलग तिथियों में खाली हो रहीं हैं।

### बीहू को लेकर चुनाव तिथियों पर होगा विचार

चुनाव तिथियों के निर्धारण पर पूछे गए सवाल के जवाब में ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बीहू असम का अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। इसलिए समीक्षा बैठकों के दौरान विभिन्न पक्षों से प्राप्त सुझावों और प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि चुनाव कार्यक्रम तय करते समय राज्य की सांस्कृतिक और सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाएगा। ज्ञानेश कुमार के मुताबिक, आयोग की प्राथमिकता स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचारु चुनाव कराना है, लेकिन इसके साथ ही स्थानीय परंपराओं और जनभावनाओं का सम्मान करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी पक्षों से प्राप्त सुझावों का मूल्यांकन कर संतुलित और व्यावहारिक चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जाएगा।

### 12 राज्यों में एसआईआर, असम में एसआर

मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया कि चुनावी नियमों के अनुसार मतदान से पहले मतदाता सूची का अद्यतन जरूरी है। इसी के तहत 12 राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराया गया, जबकि असम में विशेष पुनरीक्षण (एसआर) आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया सफल रही है। राज्य के सभी जिलों से कुल लगभग 500 लोगों ने ही अपने नाम जोड़ने या किसी अन्य नाम को हटाने के लिए अपील दायर की है, जो इस बात का संकेत है कि सूची काफी हद तक सटीक है।

**सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट को फटकार लगाते हुए बदला उसका फैसला**

# 'नाड़ा खींचना रेप की कोशिश' यौन अपराधों पर फैसले के लिए तर्क, सहानुभूति की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक विवादित फैसले को बदल दिया है इसके साथ ही इलाहाबाद हाई कोर्ट को फटकार भी लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पायजामे का नाड़ा खोलना बलात्कार की कोशिश की है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस विवादित फैसले को पलटने का फैसला किया है, जिसमें कहा गया था कि एक बच्ची के ब्रेस्ट को पकड़ना, उसके पायजामे का नाड़ा खोलना और उसे पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश करना रेप या रेप की कोशिश नहीं है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर कड़ी टिप्पणी करते हुए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने जस्टिस जॉयमाल्या बागची और एनवी अंजारिया के साथ कहा कि यौन अपराधों के मामलों में फैसले के लिए कानूनी तर्क और सहानुभूति दोनों की जरूरत होती है। सुको ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस विवादित आदेश को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि ये सिर्फ 'रेप करने की तैयारी' है।

### खास बातें

- हाईकोर्ट ने नाड़ा खींचने को बताया था, रेप की तैयारी
- सुको ने कहा- हम हाई कोर्ट के इस नतीजे से सहमत नहीं हो सकते



### एक सुओ मोटो याचिका

सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और एन वी अंजारिया की बेंच ने कहा कि विवादित ऑर्डर को 'क्रिमिनल ज्यूरिस्प्रूडेंस के तय सिद्धांतों के साफ तौर पर गलत इस्तेमाल' की वजह से रद्द किया जाता है। कोर्ट ने यह ऑर्डर एक सुओ मोटो याचिका पर दिया था, जिसमें उसने इलाहाबाद हाई कोर्ट के ऑर्डर का संज्ञान लिया था, इसमें कहा गया था कि सिर्फ ब्रेस्ट पकड़ना और पायजामे का डोरा खींचना रेप का अपराध नहीं है। हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए शीर्ष अदालत ने प्रोटेक्शन ऑफ़ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस (पोक्सो) एक्ट के तहत दो आरोपियों के खिलाफ रेप की कोशिश के असली कड़े चार्ज को बहाल कर दिया। कोर्ट ने कहा, 'जो फैक्ट्स बताए गए हैं, उन्हें देखते हुए, हम हाई कोर्ट के इस नतीजे से सहमत नहीं हो सकते कि आरोप सिर्फ रेप के अपराध को करने की तैयारी के हैं।' 'आरोपियों द्वारा की गई कोशिश साफ तौर पर और जरूरी तौर पर हमें इस नतीजे पर ले जाती है कि पहली नज़र में, शिकायत करने वाले और प्रॉसिक्यूशन ने रेप करने की कोशिश के प्रोविज़न को लागू करने का मामला बनाया है। इसलिए क्रिमिनल ज्यूरिस्प्रूडेंस के तय सिद्धांतों के साफ़ तौर पर गलत इस्तेमाल के कारण, विवादित फैसले को रद्द किया जाता है।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले का तर्क

*17 मार्च, 2025 के अपने ऑर्डर में, हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया कि सिर्फ़ ब्रेस्ट पकड़ना और पायजामे का डोरा खींचना रेप का जुर्म नहीं है, लेकिन यह किसी महिला के कपड़े उतारने या उसे नंगा होने के लिए मजबूर करने के इरादे से हमला या क्रिमिनल फोर्स के इस्तेमाल के दायरे में आता है।*

### यह था मामला

*केस के तथ्यों के अनुसार स्पेशल जज, पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में एक एप्लीकेशन दी गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि 10 नवंबर, 2021 को एक महिला अपनी 14 साल की बेटी के साथ अपनी ननद के घर से लौट रही थी। आरोपी पवन, आकाश और अशोक उसके गांव के थे और रास्ते में उससे मिले. उन्होंने उसकी बेटी को लिफ्ट देने की पेशकश की। आरोप है कि आरोपियों ने गांव जाते समय अपनी मोटरसाइकिल रोकी और नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने लगे। आकाश ने कथित तौर पर उसे घसीटा और पुलिया के नीचे ले जाने की कोशिश की और उसके पायजामे का नाड़ा खींच लिया। लड़की के रोने की आवाज सुनकर दो लोग मौके पर पहुंचे जिससे आरोपी भाग गए।*

# ममता बोलीं- ईडी केंद्र का हथियार एजेंसी ने कहा- हमें बंगाल में धमकाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में आई-पीएसी से जुड़े रेड मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान ममता सरकार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का उन राज्यों में हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है, जहां विपक्ष की सरकार है।वहीं केंद्रीय एजेंसी ने पलटवार करते हुए कहा कि हम किसी के हथियार नहीं हैं। बंगाल में ममता सरकार ने हमें धमकाया। दोनों पक्षों के बीच बहस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसका हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है और किसे धमकाया जा रहा है, यह हम तय करेंगे।



### ईडी ने दायर की थी याचिका

ईडी ने आई-पीएसी रेड मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। ईडी का आरोप है कि 8 जनवरी को आई-पीएसी के ऑफिसों पर रेड के दौरान सीएम ममता बनर्जी और बंगाल पुलिस के अधिकारियों ने उनकी कार्रवाई में रुकावट डाली। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 मार्च तक टाल दी है। इससे पहले 3 फरवरी को सुनवाई टाली गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी को कहा था कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का ईडी की जांच में बाधा डालना बहुत गंभीर मुद्दा है।

### यह हुआ था सर्च आपरेशन में

सर्च ऑपरेशन के दौरान, सीएम ममता बनर्जी अन्य टीएमसी नेताओं के साथ आई-पीएसी ऑफिस पहुंचीं। इसके बाद काफी हंगामा हुआ। ममता ऑफिस से कई फाइलें लेकर बाहर निकलीं और मीडिया से बात की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय एजेंसी पर हद से ज्यादा दखलंदाजी का आरोप लगाया। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया है कि आई-पीएसी पार्टी के चुनाव रणनीतिकार के रूप में काम करता है और विधानसभा चुनाव से ठीक पहले ईडी ने गोपनीय चुनाव रणनीति से जुड़ी जानकारी हासिल करने के लिए रेड डाली। टीएमसी ने ईडी की कार्रवाई में बाधा डालने के आरोप का खंडन किया।





आप किसी भी उम्र के हों, अगर आपके जोड़ों में दर्द, सूजन रहती है तो आपको जांच कराने में देर नहीं करनी चाहिए। ऐसा रूमेटॉइड आर्थराइटिस के कारण हो सकता है। सही समय पर टेस्ट और ट्रीटमेंट के जरिए इससे राहत मिल सकती है।

# रूमेटॉइड आर्थराइटिस समय पर डायग्नोसिस-ट्रीटमेंट है जरूरी

डिजीज
डॉ. अभिक बनर्जी
जोनल टेक्निकल चीफ
अपोलो डायग्नोस्टिक्स, कोलकाता



कई आंकड़ों से यह बात सामने आई है कि बहुत से लोग रूमेटॉइड आर्थराइटिस (आरए) जैसी गंभीर बीमारी के साथ चुपचाप जीवन जी रहे हैं। लगभग 50 प्रतिशत मरीज समय पर डॉक्टर के पास नहीं जाते। वे शुरुआती लक्षणों को अक्सर तनाव, थकान या हल्का जोड़ों का दर्द समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। यह समस्या अब युवाओं में भी देखी जा रही है, जिससे आगे चलकर जोड़ों को गंभीर नुकसान और विकलांगता हो सकती है।

**कैसे होती है समस्या:** रूमेटॉइड आर्थराइटिस, एक लंबे समय तक बनी रहने वाली बीमारी है। इसमें शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता, अपने ही जोड़ों पर हमला करने लगती है। इससे जोड़ों में लगातार सूजन बनी रहती है और धीरे-धीरे जोड़ों को नुकसान पहुंचता है।

इस बीमारी के होने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे परिवार में बीमारी का इतिहास, हार्मोन में बदलाव, धूम्रपान, ज्यादा तनाव और कुछ संक्रमण। आमतौर पर लोग सोचते हैं कि गठिया सिर्फ बढ़ती उम्र में होता है, लेकिन रूमेटॉइड आर्थराइटिस 20 से 30 साल की उम्र के लोगों को भी हो सकता है।



**रोग के लक्षण:** इस रोग के कॉमन लक्षण हैं जोड़ों में दर्द, सूजन, सुबह के समय जोड़ों में जकड़न, जल्दी थक जाना और कमजोरी महसूस होना। अगर समय पर जांच और इलाज न किया जाए, तो यह बीमारी जोड़ों की बनावट बिगाड़ सकती है। इसके अलावा यह फेफड़ों, दिल और आंखों जैसे शरीर के दूसरे अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। इससे चलने-फिरने में परेशानी होती है, रोजमर्रा के काम करना मुश्किल हो जाता है, काम करने की क्षमता घटती है और जीवन की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि शुरुआती लक्षण बहुत हल्के होते हैं, इसलिए लोग उन्हें गंभीरता से नहीं लेते। 20-30 साल के युवा और कामकाजी लोगों में रूमेटॉइड आर्थराइटिस के मामलों में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है।

**न करें इग्नोर:** इस रोग से ग्रसित करीब 50 प्रतिशत लोग जोड़ों की जकड़न, दर्द या सूजन जैसे शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं और तब डॉक्टर के पास जाते हैं, जब बीमारी रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करने लगती है। हर 10 में से लगभग 5 मरीज ऐसे होते हैं, जो बहुत देर से जांच के लिए आते हैं, जब तक जोड़ों को नुकसान शुरू हो चुका होता है। यह देरी आगे चलकर स्थायी जोड़ों की खराबी और लंबे समय की विकलांगता का कारण बन सकती है।

बहुत से मरीज इसलिए चुपचाप दर्द सहते रहते हैं क्योंकि उन्हें रूमेटॉइड आर्थराइटिस के शुरुआती लक्षण समझ में ही नहीं आते या वे डॉक्टर के पास जाने में देर कर देते हैं। खासकर युवा लोग यह मान लेते हैं कि जोड़ों का दर्द ज्यादा काम, तनाव या व्यायाम की कमी की वजह से है। लेकिन ऐसा सोचने से बीमारी बढ़ती जाती है और जोड़ों को ऐसा नुकसान हो जाता है, जिसे समय पर जांच और उपचार से रोका जा सकता था। रूमेटॉइड आर्थराइटिस को कंट्रोल करने के लिए जल्दी जांच कराना सबसे जरूरी है।

**जांच के तरीके:** आरए की जांच के लिए कुछ अहम जांचें की जाती हैं, जैसे रूमेटॉइड फैक्टर (आरएफ) और एंटी सीसीपी एंटीबॉडी टेस्ट, जो यह बताते हैं कि बीमारी ऑटोइम्यून है या नहीं। ईएसआर और सीआरपी जांच से शरीर में सूजन का स्तर पता चलता है। ब्लड की सामान्य जांच से शरीर की दूसरी समस्याओं का पता लगाया जाता है। इसके अलावा एक्सरे, अल्ट्रासाउंड या एमआरआई स्कैन से जोड़ों में सूजन और शुरुआती नुकसान का पता चल जाता है। अगर समय पर जांच हो जाए, तो बीमारी को धीमा करने वाली दवाएं शुरू की जा सकती हैं। इससे दर्द कम होता है, बीमारी आगे नहीं बढ़ती और जोड़ों की काम करने की क्षमता बनी रहती है। नियमित जांच और स्कैन से इलाज को समय-समय पर बदला जा सकता है और बीमारी के दोबारा बढ़ने से बचा जा सकता है।

**ट्रीटमेंट:** इसके इलाज में ऐसी दवाएं दी जाती हैं, जो बीमारी को बढ़ने से रोकती हैं। इसके साथ फिजियोथेरेपी भी बहुत जरूरी होती है, जिससे जोड़ों की ताकत बनी रहती है। रोजाना हल्का व्यायाम, संतुलित आहार, तनाव को कम करना और धूम्रपान छोड़ना भी इलाज का अहम हिस्सा है। नियमित रूप से डॉक्टर से फॉलोअप कराने से बीमारी पर नजर रखी जा सकती है और जरूरत पड़ने पर इलाज बदला जा सकता है। *

प्रस्तुतिः सेहत डेस्क

## डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. वैभव चतुर्वेदी
मनोचिकित्सक-कोकिलाबेन
धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर

वर्ल्ड साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार खुद की जान को खत्म कर देने वाले लोगों की संख्या में इजाफा होना परिवार, समाज और सरकार इन तीनों के ही लिए अत्यंत गंभीर विचारणीय मुद्दा है। ऐसा इसलिए क्योंकि इतनी जानें तो दुनिया भर में प्रतिवर्ष होने वाली विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं और आतंकवादी घटनाओं में भी नहीं जाती हैं, जितनी लोग स्वयं गवां देते हैं। साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार, 'इस स्थिति को काफी हद तक कम किया जा सकता है, अगर हम आत्महत्या की तरफ बढ़ रहे लोगों को यह दिलासा दिला सकें कि हम तुम्हारे साथ हैं।'

### एक प्रमुख कारण है डिप्रेशन


अवसाद (डिप्रेशन), आत्महत्या के एक बड़े कारण में शुमार है। बड़ी संख्या में लोग दुनिया भर में डिप्रेशन के कारण आत्महत्या करते हैं, ऐसा महर्षि यूरोपियन रिसर्च यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड्स द्वारा किए गए एक अध्ययन का आकलन है।

### तनाव का हावी होना

यूरोपियन साइकिएट्रिक एसोसिएशन द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, जिन लोगों के दिलो-दिमाग पर तनाव हावी हो जाता है और जो मनोचिकित्सक या विशेषज्ञ डॉक्टर के परामर्श पर अमल नहीं करते, तो इस स्थिति में ऐसे लोग नकारात्मक विचारों से घिर जाते हैं। उन्हें लगता है कि उनकी दुनिया अंधेरे में जा चुकी है, जिससे निकलने का कोई रास्ता नहीं है। इस तरह की मनोदशा कालांतर में आत्महत्या का कारण बन सकती है।

**अन्य कारकों के दुष्प्रभाव:** कुछ मनोरोग जैसे बाइपोलर डिसऑर्डर, सिजोफ्रेनिया आदि के अलावा मादक पदार्थों की एक अरसे से जारी लत खुद की जान लेने के जोखिम को बढ़ा सकती है।

**विफलता या भावनात्मक झटका:** किसी क्षेत्र में असफल रहना और उस असफलता को बर्दाश्त न कर पाना भी आत्महत्या का कारण बन सकता है। वहीं संबंधों में विच्छेद से एक बड़ी संख्या में लोगों को भावनात्मक झटका लगता है, जिसे अनेक लोग सहन नहीं कर पाते। इसके अलावा पारिवारिक और व्यवसाय से संबंधित जिम्मेदारियों का बोझ और आर्थिक स्थिति का खराब होना आदि ऐसे कारण हैं, जो खुद की जान को नुकसान पहुंचाने के लिए उकसाते हैं।



### इन लक्षणों पर दें ध्यान

- अकेलापन पसंद करना, यह सोचना कि दुनिया में मेरा कोई नहीं है।
- किसी भी प्रकार के मेल-मिलाप से कतराना।
- दूसरों के समक्ष इस तरह की बातें करना कि अब जिंदगी जीने का मकसद नहीं रह गया है।
- किसी कारण के बगैर खुद को जोखिम में डालने वाले कार्य करना। जैसे लापरवाही से वाहन चलाना आदि।
- किसी की बात न सुनना-खुद में गुमशुम रहना।
- स्वभाव में अप्रत्याशित परिवर्तन जैसे जो व्यक्ति खुशमिजाज रहता हो, वह उदास रहने लगता है।
- ऐसे लोगों का मूड अकसर उदास रहता है।
- भूख कम लगना या समय पर खाना न खाना।
- नींद पूरी न ले पाना।
- आत्महत्या का प्रयास करने वाले कुछ ऐसे भी लोग होते हैं, जो उपरोक्त संकेत नहीं देते और वे अपनी बात को मन में दबाए रखते हैं।

देश-दुनिया में आए दिन सुसाइड यानी आत्महत्याओं के मामले सामने आते रहते हैं। वैसे तो सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों में ऐसी प्रवृत्ति देखी जाती है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से युवा वर्ग, खासकर स्टूडेंट्स में भी आत्महत्या के मामलों में इजाफा हुआ है, जो एक चिंताजनक और विचारणीय मुद्दा है। कुछ सुझावों पर अमल कर आत्मघाती प्रवृत्ति से बचाव किया जा सकता है।

# सुसाइड के लगातार बढ़ते मामले सपोर्ट-ट्रीटमेंट से संभव है बचाव



### दूसरों की मदद लें

अमेरिकन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार दुनिया में मानसिक समस्याओं से पीड़ित लगभग 65 प्रतिशत से अधिक लोग दूसरों से मदद लेने में हिचकिचाते हैं, ऐसा इसलिए क्योंकि उन्हें लगता है कि अगर मैं किसी अन्य व्यक्ति को अपनी परेशानी बताऊंगा तो वे सब मेरी आलोचना करेंगे। ऐसे लोगों की गलत धारणा को दूर करने में मनोचिकित्सक काउंसलिंग का सहारा लेते हैं। इससे मन की नकारात्मकता दूर होती है।

### बचाव के उपाय

- योगासन, प्राणायाम और विशेषकर ध्यान या मेडिटेशन मन की अशांति को दूर करने का एक सशक्त माध्यम हैं।
- विश्व प्रसिद्ध मेडिकल जर्नल 'दि लैंसेट' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार जो लोग समाज में मिलते-जुलते (सोशल इंटरएक्शन) रहते हैं और जिंदगी में रिश्तों को अहमियत देते हैं, उनमें आत्महत्या से संबंधित विचारों के पनपने की आशंकाएं काफी हद तक कम हो जाती हैं।
- पीड़ित व्यक्ति को अकेला न छोड़ें।
- ईश्वर पर गहन विश्वास रखने से व्यक्ति में चिंताओं, तनावों और पीड़ाओं से लड़ने का माद्दा विकसित होने में मदद मिल सकती है। ऐसा विश्वास व्यक्ति को निराशावादी से आशावादी बना सकता है। जो व्यक्ति आशावादी है, वह आत्महत्या करने का प्रयास अपवाद स्वरूप ही करता है।
- कोई हॉबी विकसित करें। अगर आपकी संगीत में रुचि है तो इसके लिए कुछ समय निकालें।

### इलाज के तरीके

अवसाद से प्रभावित ऐसे लोग, जो सुसाइडल सोच की ओर बढ़ रहे हैं, उन्हें इन उपचारों से ठीक कर सकते हैं।

**साइकोथेरेपी:** इसमें मनोचिकित्सक मरीज के साथ संवाद स्थापित करते हैं और उसके परिजनों को भी सुझाव देते हैं।

**इलेक्ट्रो कंवल्सिव थेरेपी (ईसीटी):** इंडियन साइकिएट्रिक सोसायटी के अनुसार यह थेरेपी डिप्रेशन समेत अन्य मनोरोगों को दूर करने की एक विशिष्ट चिकित्सा विधि है, जिसके अच्छे नतीजे सामने आ रहे हैं। इस विधि के अंतर्गत नियंत्रित विद्युत तरंगों के जरिए 'ब्रेन केमिस्ट्री' को प्रभावित किया जाता है। इसके जरिए मस्तिष्क में आने वाले आत्मघाती विचारों को सकारात्मक विचारों में तब्दील करने में मदद मिलती है।

**एंटीडिप्रेसेंट टैबलेट्स:** मनोचिकित्सक की सलाह के अनुसार रोगी को एंटीडिप्रेसेंट दवाई लेनी चाहिए। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

### बच्चों-किशोरों पर पैरेंट्स दें ध्यान


इंडियन साइकिएट्रिक सोसायटी के विशेषज्ञों के अनुसार अपने करियर को बनाने के चक्कर में पढ़ाई का दबाव और उस पर भी पैरेंट्स की अपने बच्चों से बड़ी-बड़ी उम्मीदें सजोना, किशोर और युवा वर्ग को तनावग्रस्त बनाता है। अगर उन्हें उनके मुताबिक नौकरी नहीं मिल पाती तो यह स्थिति कालांतर में डिप्रेशन और कुछ मनोरोगों के जरिए आत्महत्या का कारण बन सकती है। इसलिए पैरेंट्स को अपने बच्चों, खासकर किशोरों और युवाओं पर इस बात की नजर रखनी चाहिए कि उनके बच्चों के स्वभाव में नकारात्मक परिवर्तन तो नहीं हो रहे हैं। अगर ऐसा है, तो फिर उन्हें मनोचिकित्सक के पास जरूर ले जाएं।



हेल्थ सजेशन
रजनी अरोड़ा

अगर आप अपनी डेली लाइफ में कुछ बैड हैबिट्स से दूर रहें तो एजिंग प्रोसेस धीमी होगी। यानी लंबे समय तक आप यंग- एनर्जेटिक बने रहेंगे। इस बारे में आपके लिए बहुत यूजफुल इंफॉर्मेशंस।

# अपनाएं ये अच्छी आदतें लंबे समय तक रहेंगे यंग



आज के दौर में मिड एज के ज्यादातर लोग अकसर लो फील करते हैं। दरअसल, जाने-अनजाने वे ऐसी कई आदतें डाल लेते हैं, जो उन्हें ओवरवेटेड, थका हुआ और लो एनर्जी वाला बना देती हैं। जिनकी वजह से अनचाहे ही बुढ़ापे का असर उन पर समय से पहले नजर आने लगता है।

**अनहेल्दी डाइट हैबिट:** बढ़ती उम्र के साथ व्यक्ति के शरीर का डायजेस्टिव सिस्टम कमजोर और शारीरिक गतिविधियां कम होने लगती हैं। इसकी वजह से हेल्दी रहने के लिए खान-पान में बदलाव लाना जरूरी हो जाता है। यानी युवावस्था में जहां देर-सवेर या जरूरत से ज्यादा खाना और अनहेल्दी या ऑयली फूड भी शरीर पचा लेता है। वहीं 40-45 साल की एज के बाद अकसर इसे नजरअंदाज किया जाता है, जो कई समस्याओं का कारण बन सकता है।

ऐसे में स्ट्रिक्ट डाइटिंग और खान-पान की आदतों में बदलाव लाना इसका सॉल्यूशन है। खाना बंद करने या भूखा रहने के बजाय संतुलित मात्रा में खाना जरूरी है। यानी अपनी डाइट में पोर्शन साइज थोड़ा-सा छोटा करें। हमेशा एक रोटी की भूख छोड़कर खाना खाएं। ओवर ईटिंग न करें। यथासंभव प्रोसेस्ड, जंक और ऑयली फूड्स से परहेज करें। प्रोटीन, कैल्शियम रिच डाइट ज्यादा से ज्यादा लें। लिक्विड कैलोरीज (मीठी चाय, कॉफी, सॉफ्ट ड्रिंक्स, बियर या फ्रूट जूसेस) बिल्कुल बंद कर दें क्योंकि ये ब्लड में पहुंच कर शरीर में तेजी से अवशोषित हो जाते हैं और सेहत के लिए नुकसानदायक होते हैं।



**भरपूर नींद न लेना:** बढ़ती उम्र में देर रात तक जागना, पूरी नींद न सोने से अगला दिन बेकार ही नहीं हो जाता, सेहत को भी नुकसान पहुंचता है। बॉडी की एनर्जी लो हो जाती है, चिड़चिड़ापन या मूड स्विंग होते हैं, चाहकर भी काम पर फोकस नहीं कर पाते। रात में 6-7 घंटे की नींद न लेने पर बॉडी में फैट एक्यूमुलेशन दोगुना तेजी से बढ़ने लगता है। व्यक्ति अनचाहे ही मोटापे और उससे उपजी बीमारियों की गिरफ्त में आ जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि नींद को लेकर सजग रहें। अच्छी नींद के लिए सोते समय बेडरूम में एकदम अंधेरा करके सोएं। इससे मेलाटोनिन का रिसाव जल्दी होता है और व्यक्ति ज्यादा अच्छे से सो पाता है। टाइम पर बेड पर जाएं। कमरे को थोड़ा ठंडा रखें और सोने से कम-से-कम एक घंटा पहले स्क्रीन (चाहे वो टीवी हो या मोबाइल) बिल्कुल बंद कर दें।

**स्ट्रेंथ ट्रेनिंग न करना:** आज की युवा पीढ़ी फिटनेस-प्रेमी या जिम-फ्रीक है। ज्यादातर फिट रहने या बॉडी बिल्डिंग के लिए रेग्युलर जिम भी जाते हैं और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, कार्डियो, वेट बियरिंग जैसी एक्सरसाइज करते हैं। जबकि बढ़ती उम्र के व्यक्ति वॉक करने या कार्डियो एक्सरसाइज तक ही सिमट जाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसे उपयुक्त नहीं मानते क्योंकि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग न करने पर शरीर में धीरे-धीरे मसल्स लॉस होना शुरू हो जाता है जिसका व्यक्ति को जल्द पता नहीं चल पाता। मसल्स दरअसल, व्यक्ति को केवल अच्छा फिगर या अच्छा लुक ही प्रदान नहीं करते, शरीर के सुरक्षा-कवच का भी काम करते हैं। जॉइंट्स को सपोर्ट देते हैं, मेटाबॉलिज्म को एक्टिवेट करते हैं और हार्मोन निर्माण में भी मदद करते हैं। रिसर्च से साबित हो गया है कि 40 साल की उम्र के बाद अगर व्यक्ति स्ट्रेंथ ट्रेनिंग नहीं करते तो हर साल उनका लगभग 1 प्रतिशत मसल्स लॉस होता है।



इससे बचने के लिए जरूरी है मिड एज के बाद भी रेग्युलर जिम जाएं और इंस्ट्रक्टर की निगरानी में स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करें। जिम न जा पाने की स्थिति में हफ्ते में तीन-चार दिन बेसिक बॉडी वेट स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जरूर करें जैसे-स्क्वेट्स, पुश-अप्स, पुल अप्स, रेजिस्टेंस बैंड्स। घर में मौजूद डंबल्स या वॉटर बोतल की मदद से भी आप एक्सरसाइज कर सकते हैं।

**हार्मोनल असंतुलन को इग्नोर करना:** मिड एज के बाद अकसर कई तरह की शारीरिक-मानसिक समस्याएं शुरू हो जाती हैं। जिन्हें वे बढ़ती उम्र का असर मान लेते हैं। जैसे- वजन बढ़ना, हर वक्त थकान, काम में मन न लगना, अनियमित माहवारी, प्री-मेनोपॉज होना, सेक्स ड्राइव कम होना। मेडिकल साइंस इनके पीछे की वजह शरीर में मौजूद हार्मोनल असंतुलन को मानता है। हार्मोन असंतुलन होने पर शरीर का पूरा सिस्टम स्लो होने लगता है और कम उम्र में ही व्यक्ति पर असर दिखाई देने लगता है। जरूरी है उम्र से पहले आने वाले बदलावों पर गौर करें और हार्मोन असंतुलन को नजरअंदाज न करें। समय-समय पर हार्मोन लेवल चेक करवाएं। मेडिकल ट्रीटमेंट के अलावा लाइफस्टाइल में बदलाव करने पर हार्मोन-असंतुलन को काफी हद तक इंप्रूव किया जा सकता है।

**विल पॉवर न रखना:** मिड एज में व्यक्ति की जिंदगी में अकसर ठहराव-सा आ जाता है। व्यक्ति डिसिप्लिन और सिस्टेमेटिक लाइफस्टाइल से दूर होता जाता है। उन्हें किसी के मोटिवेशन का इंतजार ज्यादा रहता है। जिंदगी में स्वस्थ और सफल होने के लिए मोटिवेशन के बजाय डिसिप्लिन और सिस्टम्स बनाना जरूरी है। ऐसे सिस्टम्स बनाने की जरूरत है, जो व्यक्ति को स्वतः ही सही दिशा की तरफ जाने में मदद करें। जरूरी है कि रुटीन, सिस्टम और स्ट्रक्चर तय करें और उसके हिसाब से नियम बनाएं। *

अवेयरनेस
रेखा देशराज

यह सही है कि जड़ी-बूटियों का रिएक्शन तुलनात्मक रूप से कम होता है। लेकिन ये नुकसान करते ही नहीं, यह सोच गलत है। ऐसे में किसी भी जड़ी-बूटी का सेवन करने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

# सावधानी के साथ ही करें जड़ी-बूटियों का सेवन

हाल के सालों में प्राकृतिक दवाओं यानी जड़ी-बूटियों को लेकर आम लोगों में विश्वास बहुत ज्यादा बढ़ा है। लेकिन इस बढ़ते भरोसे के बीच सावधानी बरतना भी जरूरी है। क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में जड़ी-बूटियों और विभिन्न तरह के हर्बल उत्पादों का जो अंधाधुंध उपयोग शुरू हुआ है, उससे फायदे की जगह कई तरह के नुकसान भी सामने उभरकर आए हैं। दरअसल आम लोग जड़ी-बूटियों को हर हालत में सुरक्षित समझते हैं। इसलिए वो कई बार इनके जानकारों से भी यह राय लेना जरूरी नहीं समझते कि कौन-सी जड़ी-बूटी खानी चाहिए, कब खानी चाहिए और कैसे खानी चाहिए? ऐसे में ऐसी जड़ी-बूटियां जो आमतौर पर सेहत के लिए फायदेमंद होती हैं, कई बार उनसे भी नुकसान होते हुए देखने को मिलता है।

**बिना सलाह के न करें सेवन:** पहली बात तो यह गांठ बांध लें कि चाहे कोई भी चीज क्यों न हो, बिना उसके जानकार की राय लिए कभी नहीं खानी चाहिए। आजकल व्हाट्सएप, यू-ट्यूब और सोशल मीडिया में सभी विशेषज्ञ बनकर जो जानकारी देते रहते हैं, उससे भी इस तरह के नुकसान की आशंका बहुत बढ़ जाती है। यह समझना भी जरूरी है कि जिन जड़ी-बूटियों को हम केवल फायदे देने वाली समझते हैं, आखिर उनसे नुकसान कैसे हो जाता है? दरअसल, जड़ी-बूटियां पौधों से प्राप्त होती हैं, इसलिए इन्हें रासायनिक दवाओं की तुलना में ज्यादा कोमल माना जाता है। मगर हर कोमल चीज के डोज की भी एक लिमिट होती है। कई बार लोग जड़ी-बूटियों को नुकसान न पहुंचाने वाली समझकर इसके ओवर डोज का शिकार हो जाते हैं यानी इनकी सुरक्षित सीमा से ज्यादा का इस्तेमाल कर लेते हैं। इससे उल्टी, दस्त, सिरदर्द और चक्कर तो आते ही हैं, कई बार लीवर या किडनी भी फेल हो सकती है।



इसलिए कभी-भी कोई जड़ी-बूटी तय डोज से ज्यादा न लें।



**कई तरह की हो सकती हैं परेशानियां:** सवाल है जड़ी बूटियों का इस्तेमाल करते हुए किस-किस तरह की सावधानियां बरती जानी चाहिए, जिससे हम इनके नुकसान के जोखिम से बचे रहें? हो सकता है कि किसी विशेष जड़ी-बूटी से किसी व्यक्ति पर कोई प्रभाव न पड़ता हो और किसी को उससे एलर्जी हो जाए। ऐसे में जिसको एलर्जी होती है, उसके लिए यह जड़ी-बूटी त्वचा पर कई तरह के रैशेज डाल सकती है। उसे सांस लेने में परेशानी पैदा कर सकती है या शरीर में सूजन हो सकती है। इसलिए जड़ी-बूटी का इस्तेमाल करते समय किसी जानकार की राय लेना जरूरी है, भले वह जड़ी-बूटी आपके परिवार में पहले किसी और के द्वारा इस्तेमाल की जाती रही हो और उसे इस तरह की कोई परेशानी न हुई हो। कई जड़ी-बूटियां पाचन सुधारने, प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करने और शरीर की सूजन कम करने में बहुत असरकारक मानी जाती हैं। लेकिन कई बार यही जड़ी-बूटियां किसी ऐसे व्यक्ति के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं, जो पहले अंग्रेजी दवाओं का इस्तेमाल कर रहा हो, क्योंकि ये जड़ी-बूटियां अंग्रेजी दवाओं के असर को बढ़ा या घटा भी सकती हैं।

**तय समय तक करें सेवन:** जड़ी-बूटी को लेकर आमतौर पर उनके दीर्घकालिक उपयोग की धारणा बनी हुई है। लगभग हर आदमी यह समझता है कि जड़ी-बूटियों को लंबे समय तक उपयोग किया जा सकता है, क्योंकि इनमें किसी तरह का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। पर यह बात सही नहीं है। विशेषकर गर्भावस्था और स्तनपान करा रही महिलाएं अगर इस तरह के भ्रम का शिकार हों और वे लंबे समय से ली जा रही जड़ी-बूटियों को इन विशेष स्थितियों में भी लगातार लेती रहें, तो इनसे परेशानी पैदा हो सकती है। *

# रैम के बाद अब स्टोरेज की किल्लत, और महंगे होंगे फोन, लैपटॉप और टीवी

**हार्ड व डिस्क ड्राइव की सबसे बड़ी कंपनी वेस्टर्न डिजिटल की चेतावनी**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस साल फोन, लैपटॉप, टीवी के दाम काफी बढ़ सकते हैं। पहले ऐसा रैम की किल्लत के चलते कहा जा रहा था।

- कंपनी को साल भर के प्रोडक्शन के बराबर ऑर्डर मिल गए

हालांकि अब हार्ड डिस्क ड्राइव बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी वेस्टर्न डिजिटल ने एचडीडी यानी कि स्टोरेज की किल्लत के भी संकेत दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वेस्टर्न डिजिटल को साल भर के प्रोडक्शन के बराबर के ऑर्डर मिल गए हैं। इसका मतलब है कि वे रिटेल के लिए सप्लाई शायद न कर पाए। ऐसे में जो डिवाइसेस स्टोरेज कैपेसिटी के साथ आते हैं जैसे कि फोन, टैबलेट, लैपटॉप या टीवी, वे और भी ज्यादा महंगे हो सकते हैं।

### एआई ही बनेगा महंगी स्टोरेज की वजह

हालांकि ऐसा नहीं है कि दुनियाभर में अचानक रैम की किल्लत हो गई हो। ऐसा एआई की वजह से हो रहा है। एआई कंपनियों को अपने मॉडल ताकतवर बनाने के लिए रैम की सख्त जरूरत है। ऐसे में ये कंपनियां रैम बनाने वालों को अच्छी कीमत अदा कर रही हैं। गौर करने वाली बात है कि पिछले 18 महीनों में रैम की मांग तीन गुना हो गई है। अब यही एआई स्टोरेज को भी महंगा करवाने की वजह बनने वाला है।







### पहले ही महंगे हुए हैं स्मार्टफोन

एआई बूम की वजह से इंडस्ट्री पहले ही रैम की किल्लत झेल रही है। इसकी वजह से रीयलमी और मोटोरोला जैसी कंपनियों ने अपने फोन 3000 से 4000 रुपए तक महंगे कर दिए हैं। सैमसंग ने भी अपने कुछ स्मार्टफोन के दामों में थोड़ी बढ़ोतरी की है, लेकिन अब लगता है कि कीमतों में भारी इजाफा हो सकता है।

*एआई कंपनियों को स्टोरेज की जरूरत : दरअसल एआई कंपनियों को रैम की रफ्तार के साथ-साथ अपने डेटा का बैकअप रखने, बेकार डेटा को संभालने और प्रोसेस लॉग को सेव करने के लिए हार्ड डिस्क या कहें कि स्टोरेज की जरूरत भी होती है। यह दौर डेटा सेंटर का है। हर बड़ी टेक कंपनी डेटा सेंटर बनाने में लगी है। इसके लिए क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर्स को स्टोरेज की जरूरत होगी।*


### रैम 60 प्रतिशत हो चुकी है महंगी

रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले 6 महीने में स्मार्टफोन और लैपटॉप में इस्तेमाल होने वाली रैम की कीमतों में 60 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। ऐसा करने वालों में सैमसंग भी शामिल है। इसका असल मिड रेंज और बजट स्मार्टफोन्स पर सबसे ज्यादा हुआ है और प्रीमियर रेंज के फ्लैगशिप डिवाइस इससे अछूते रहे हैं। ऐसे में अगर स्टोरेज के भी दाम बढ़ते हैं, तो मोबाइल, लैपटॉप और टीवी जैसे अप्लायंस का महंगा होना आम बात है।

---

**खबर संक्षेप**

### आरबीआई विदेशी मुद्रा लेन देन नियम बनाएगा आसान



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अधिकृत व्यक्तियों को विदेशी मुद्रा में लेनदेन करने में अधिक लचीलापन प्रदान करने का प्रस्ताव रखा, ताकि वे अपने जोखिमों को कम करने, बही-खाता प्रबंधन और वित्तीय कारोबार रणनीति के लिए विदेशी मुद्रा लेनदेन कर सकें। साथ ही रिपोर्टिंग दायित्वों को भी आसान बना सकें। मौजूदा नियमों की समीक्षा के बाद यह कदम उठाया गया है। अधिकृत बैंक और स्वतंत्र प्राथमिक डीलर वित्तीय कारोबार रणनीति, बही-खाता प्रबंधन और जोखिमों को कम करने के लिए विदेशी मुद्रा बाजार का उपयोग करते हैं। केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को ''अधिकृत व्यक्तियों के विदेशी मुद्रा लेनदेन'' पर मसौदा निर्देश जारी किए। इसका उद्देश्य अधिकृत व्यक्तियों को उत्पादों में लेनदेन करने और अपने जोखिमों को कम करने, बही-खाता प्रबंधन और वित्तीय कारोबार रणनीति के लिए विदेशी मुद्रा लेनदेन करने में अधिक लचीलापन प्रदान करना है।

---

'भारत एआई मिशन' के अनुरूप किया गया समझौता

# एलएंडटी और एनवीडिया में गीगावाट स्तर की 'एआई फैक्ट्री' के लिए करार

- एलएंडटी इंजीनियरिंग क्षेत्र की दिग्गज कंपनी है
- उद्देश्य भारत को वैश्विक एआई महाशक्ति बनाना
- गीगावाट स्तर का एआई फैक्ट्री ढांचा तैयार करना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंजीनियरिंग क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने बुधवार को एनवीडिया के साथ एक संयुक्त उद्यम की घोषणा की। इसका उद्देश्य भारत को वैश्विक एआई महाशक्ति बनाने के लिए गीगावाट स्तर का 'एआई फैक्ट्री' बुनियादी ढांचा तैयार करना है। यह साझेदारी देश के डिजिटल और औद्योगिक बदलाव के बीच उन उद्यमों, नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के दिग्गजों को लक्षित करती है, जो बड़े पैमाने पर एआई क्षमता की तलाश में हैं।

यह उद्यम एलएंडटी की इंजीनियरिंग और बुनियादी ढांचे के विकास की विशेषज्ञता को एनवीडिया के एआई मंच के साथ जोड़ता है जिसमें जीपीयू और सीपीयू के साथ सॉफ्टवेयर स्टैक भी शामिल हैं। बीएसई को दी गई जानकारी में एलएंडटी ने कहा कि यह उपक्रम प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर एआई वर्कलोड का समर्थन करने के लिए आधुनिक डेटा सेंटर ढांचा तैनात करेगा।

**एआई डेटा सेंटर फैक्ट्री बनाने की योजना**

*इस पहल के तहत उच्च घनत्व वाले और अगली पीढ़ी के कार्यभार के लिए गीगावाट स्तर की एआई डेटा सेंटर फैक्ट्री बनाने की योजना है जिससे कुशल और टिकाऊ विस्तार संभव हो सकेगा। इसके अंतर्गत चेन्नई में एलएंडटी के 300 एकड़ के विस्तृत परिसर में एनवीडिया जीपीयू क्लस्टर की क्षमता को बढ़ाकर 30 मेगावाट किया जाएगा और मुंबई में कार्यान्वित किए जा रहे नए 40 मेगावाट डेटा सेंटर में भी इसका विस्तार होगा।*

### ढांचा घरेलू जरूरतें पूरा करेगा

'भारत एआई मिशन' के अनुरूप, यह भारत के भीतर महत्वपूर्ण डेटा और मॉडल बनाने और तैनात करने के लिए संप्रभु एआई ढांचा तैयार करेगा, जो वैश्विक स्तर पर भी काम कर सकेगा।यह 'सॉवरेन बाय-डिजाइन' ढांचा घरेलू जरूरतों के साथ-साथ उन वैश्विक क्लाउड प्रदाताओं और उद्यमों की जरूरतों को पूरा करेगा, जो भारत को एक रणनीतिक एआई केंद्र के रूप में देख रहे हैं।




### बुनियादी ढ़ांचा बना रहे

*एलएंडटी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक एस एन सुब्रह्मण्यन ने कहा कि एनवीडिया के मंच और एलएंडटी की क्षमता के साथ हम ऐसा बुनियादी ढांचा बना रहे हैं जो एआई के जरिये बड़ा आर्थिक प्रभाव पैदा करेगा। एनवीडिया के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेन्सेन हुआंग ने कहा कि एलएंडटी के साथ मिलकर हम विश्व स्तरीय एआई बुनियादी ढांचे की नींव रख रहे हैं, जो भारत के विकास को गति देगा और 'इंडिया एआई' के दृष्टिकोण को साकार करेगा।*

### कारोबार को बढ़ावा देने मेकमाईट्रिप इक्सिगो की ओपनएआई से साझेदारी

यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी मेकमाईट्रिप और यात्रा मंच इक्सिगो ने अपने कारोबार में कृत्रिम मेधा (एआई) को बढ़ावा देने के लिए ओपनएआई के साथ सहयोग करने की बुधवार को घोषणा की। इसका उद्देश्य कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित यात्रा खोज को बेहतर तरीके से पहचानना तथा यात्रियों की इच्छा को समझकर उन्हें बुकिंग योग्य नतीजों में बदलना है।

### जेनएआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा

यह घोषणा ऐसे समय आई है, जब देश के यात्रा बुकिंग परिवेश में मंचों द्वारा जेनएआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है और संवादात्मक उपकरणों, जैसे बातचीत आधारित सहायक के जरिये उपयोगकर्ताओं की मंशा समझकर उन्हें बुकिंग में तब्दील करने की कोशिश की जा रही है।

### चैट बुकिंग में बदलनें में मदद मिलेगी

मेकमाईट्रिप ने बयान में कहा कि कंपनी अपने अनुप्रयोग में नई कृत्रिम मेधा सुविधाओं को सक्षम करने के लिए ओपनएआई के अनुप्रयोग प्रोग्रामिंग अंतरफलक का उपयोग करेगी। इससे यात्रियों को बातचीत से मिली प्रेरणा को सीधे मेकमाईट्रिप के 'मायरा' चैट सहायक के जरिये बुकिंग में बदलने में मदद मिलेगी।

### 50 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

इक्सिगो समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आलोक बाजपेयी और समूह-सह सीईओ रजनीश कुमार ने कहा, '' ओपनएआई के साथ हमारा सहयोग संगठन के भीतर और हमारे द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले 50 करोड़ से अधिक यात्रा उपभोक्ताओं के लिए एआई और 'एजेंटिक वर्कफ्लो' के एकीकरण को गति देगा।''

---

# निसान ने भारत में नई कार 'ग्रैवाइट' की पेश




- कंपनी की 2026 में विस्तार की योजना
- बिक्री ढांचे को मजबूत करने की तैयारी

एजेंसी ⏭ उदयपुर

जापान की वाहन विनिर्माता कंपनी निसान ने भारत में अपनी नई कार 'ग्रैवाइट' मंगलवार को पेश की। कंपनी 2026 में ब्रांड के पुनरुत्थान के लिए कई नए वहान पेश करने और बिक्री ढांचे को मजबूत करने की तैयारी में है। कंपनी फिलहाल देश में केवल एक मॉडल 'मैग्नाइट' बेचती है। उसने मंगलवार को अपना दूसरा मॉडल सात सीट वाली कार 'ग्रैवाइट' पेश की। निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक सौरभ वत्स ने यहां कहा, '' जब हम कहते हैं कि निसान भारत को लेकर प्रतिबद्ध है, तो ऐसे में 2026 सबसे महत्वपूर्ण है। यह भारत में निसान के ब्रांड पुनरुत्थान का वर्ष होगा। वत्स ने बताया कि 'ग्रैवाइट' के अलावा कंपनी इस वर्ष के दौरान एक 'टेकटन स्पोर्ट' यूटिलिटी वाहन और सात सीट वाले मध्यम श्रेणी का स्पोर्ट यूटिलिटी वाहन भी लाने की योजना बना रही है। वत्स ने कहा, '' करीब 12 महीनों के भीतर हम तीन नए वाहन पेश करने जा रहे हैं। इसलिए यह पुनरुत्थान का वर्ष होगा जो मुख्य रूप से स्पोर्ट यूटिलिटी वाहनों पर आधारित उत्पाद श्रृंखला पर टिका होगा।''

### कीमत 5.65 लाख से शुरू

कंपनी की योजना चालू वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक बिक्री केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 250 करने की है। फिलहाल देश भर में कंपनी के लगभग 160 डीलर हैं। 'ग्रैवाइट' की कीमत 5.65 लाख से 8.49 लाख रुपये (एक्स शोरूम) के बीच है।

---

# पहली छमाही में नए स्नातकों की भर्ती की योजना : रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ मुंबई

देश में जनवरी-जून, 2026 के दौरान 73 प्रतिशत नियोक्ता नए स्नातकों की भर्ती करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि अब भर्ती का निर्णय केवल डिग्री के बजाय इंटर्नशिप एवं वास्तविक परियोजना अनुभव पर अधिक निर्भर होता जा रहा है। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

कौशल विकास एवं उद्योग-उन्मुख शिक्षा में सक्रिय फर्म टीमलीज एडटेक की जनवरी-जून, 2026 छमाही के लिए जारी रिपोर्ट के मुताबिक, कॉलेज से पढ़कर निकले युवाओं की भर्ती का इरादा पिछले छह माह की तुलना में तीन



- जनवरी से जून में 73 फीसदी नियोक्ता बना रहे योजना
- डिग्री की बजाय इंटर्नशिव व अनुभवी पर ज्यादा जोर

प्रतिशत अंक बढ़ा है। 'करियर आउटलुक रिपोर्ट' नवंबर, 2025 से जनवरी, 2026 के बीच भारत के विभिन्न शहरों एवं उद्योगों के 1,051 नियोक्ताओं के सर्वेक्षण पर आधारित है। क्षेत्रवार मांग के मामले में खुदरा क्षेत्र 91 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद ई-कॉमर्स एवं प्रौद्योगिकी स्टार्टअप (90 प्रतिशत) तथा विनिर्माण (85 प्रतिशत) का स्थान है। खुदरा क्षेत्र में 'डार्क स्टोर असिस्टेंट' और 'इन्वेंट्री मैनेजमेंट असिस्टेंट' की मांग अधिक है। ई-कॉमर्स एवं प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में 'डिजिटल सेल्स एसोसिएट' और 'जूनियर वेब डेवलपर' पदों पर भर्ती हो रही है जबकि विनिर्माण में 'इन्वेंट्री एंड लॉजिस्टिक कोऑर्डिनेटर' और 'बैटरी असेंबली टेक्नीशियन' की मांग ज्यादा है।

### युवा प्रतिभा पर भरोसा बढ़ रहा

टीमलीज एडटेक के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शांतनु रूज ने कहा, /"नए स्नातकों की भर्ती करने का नियोक्ताओं का इरादा 73 प्रतिशत तक पहुंचना दर्शाता है कि नियोक्ताओं का युवा प्रतिभा पर भरोसा बढ़ रहा है। हालांकि, चयन प्रक्रिया अधिक व्यावहारिक कौशल आधारित हो गई है।/"

### अब अवसर बढ़ रहे

रूज ने कहा कि अवसर बढ़ रहे हैं, लेकिन अब पदों पर चयन अधिक चयनात्मक हो गया है। जिन उम्मीदवारों के पास इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट पोर्टफोलियो या व्यावहारिक अनुभव है, वे तेजी से आगे बढ़ रहे हैं जबकि सिर्फ डिग्री वाले युवाओं को नौकरी पाने में अधिक समय लग रहा है।

### रुपया पांच पैसे बढ़कर 90.67 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने और घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख की वजह से अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे बढ़कर 90.67 (अस्थायी) पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और मजबूत होते डॉलर ने रुपये में तेज बढ़त को रोक दिया।

### भारत का अमेरिका को 5000 टन चावल आपूर्ति का करार

**नई दिल्ली।** भारतीय चावल निर्यातक महासंघ के एक सदस्य ने अमेरिका में एक खरीदार को 5,000 टन बासमती चावल आपूर्ति करने के लिए समझौता किया है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिये जाने के बाद आया है, अमेरिका भारतीय सामान पर मौजूदा 25 प्रतिशत शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत तक करने पर सहमत हो गया है।

# यूनिटेक के सीईओ यादव का कार्यकाल एक साल बढ़ा

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी यूनिटेक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने कंपनी के सीईओ अशोक कुमार यादव का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। पिछले महीने हुई उसके निदेशक मंडल की बैठक में 11 फरवरी, 2026 से या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, कुमार के कार्यकाल को एक साल के विस्तार को मंजूरी देने का निर्णय किया था। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर 2020 में केंद्र सरकार ने कंपनी के निदेशक मंडल को भंग कर दिया था। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने एक नए निदेशक मंडल के गठन का प्रस्ताव रखा, जिसे 20 जनवरी, 2020 को उच्चतम न्यायालय ने मंजूरी दे दी।

### तापमान बढ़ने से मदर डेयरी को बिक्री बढ़ने की उम्मीद

**मुंबई।** गर्मियां नजदीक आने और तापमान में लगातार बढ़ोतरी के बीच मदर डेयरी ने बुधवार को कहा कि उसे आइसक्रीम, दही और डेयरी बेवरेज जैसी मुख्य श्रेणियों में 30 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। मदर डेयरी के उप प्रबंध निदेशक, जयतीर्थ चारी ने बयान में कहा, ''जल्दी शुरुआत और तापमान में लगातार बढ़ोतरी के साथ, इस साल का गर्मी का मौसम पूरे उद्योग के लिए अच्छा लग रहा है। हमें आइसक्रीम, दही, डेयरी बेवरेज वगैरह जैसी मुख्य श्रेणी में 30 प्रतिशत से ज़्यादा की बढ़ोतरी की उम्मीद है और हम बढ़ी हुई क्षमता, एक मज़बूत शीत श्रृंखला और जल्दी जरूरी सामान जुटाने के साथ इस बढ़ोतरी को पूरा करने के लिए तैयार हैं।''

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**
E-mail:corporationraigarh@gmail.com Phone No:- 07762-222911

क्रमांक 10526/जल वि./उद्यान शा./न.पा.नि./2026 10525 रायगढ़, दिनांक 17/02/2026

-: ई निविदा आमंत्रण सूचना :-

नगर पालिक निगम, रायगढ़ वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निम्नलिखित कार्य हेतु, ऑनलाईन ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.govt.in में निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी अन्तिम तिथि दिनांक 12.03.2026 अपरान्ह 04:30 बजे तक है।

| क्र | कार्य का नाम | सि. नि.क्र | अनुमानित लागत राशि (लाख रु.) | अमानत राशि /प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जल व्यवस्था सुधार हेतु डी.आई./जी.आई आदि पाईप लाईन मरम्मत/संधारण व नवीन फिटिंग कार्य। | 185811 | 30.00/- | 23,000.00/- 1500.00/- |
| 2 | उद्यान शाखा में सिविल कार्य जैसे गार्डन, तालाब व डिवाईडर गार्डन आदि के मरम्मत/संधारण कार्य। | 185813 | 20.00/- | 15,000.00/- 750.00/- |

नोट:- *नियम एवं शर्ते संलग्न कर वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com/ uad.cg.gov.in एवं https://eproc.cgstate.govt.in पर अपलोड है।

कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

**केन्द्रीय विद्यालय, SECL झगराखंड**
एस.ई.सी.एल हसदेव क्षेत्र, पोस्ट नार्थ झगराखण्ड,
जिला - मनेन्द्रगढ़ चिरीमिरी भरतपुर, छत्तीसगढ़ 497446

**साक्षात्कार सूचना (Interview Notice)**

सत्र- 2026-27 हेतु पूर्णतः अनुबंध आधार पर PGT [हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, कंप्यूटर साइंस], TGT [हिन्दी, अंग्रेज़ी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं संस्कृत], PRT, Computer Instructor, Nurse, Counselor, Special Educator Elementary (Upper Primary), Coaches (Sports, Art, Dance, Music, Yoga) पदों पर पूर्णतः संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थी केन्द्रीय विद्यालय झगराखण्ड परिसर में सीधे साक्षात्कार हेतु दिनांक 11.03.2026 को सुबह 08.00 बजे मूल प्रमाण पत्रों तथा उनकी स्व-प्रमाणित छायाप्रति व दो नवीनतम छाया-चित्र के साथ उपस्थित होवें। साक्षात्कार हेतु पंजीकरण केवल प्रातः 10:00 बजे तक ही होगा।

पूर्ण जानकारी (Notification) विद्यालय की Website https://secljhagrakhand.kvs.ac.in/ एवं के.वि. संगठन की वेबसाइट - https://kvsangathan.nic.in/en/recruitment/ से प्राप्त करें।

प्राचार्य- के.वि. झगराखण्ड
प्राचार्य/के.व्ही.सा.ई.को.लि.झगराखण्ड

**SUPRINTENDENT PHYSICAL PLANT**
**INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA, RAIPUR**
Phone No. 0771-2442203,
Email- igkvspp@gmail.com

**NOTICE INVITING E-TENDER**
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
Sub Portal: https://igkv.ac.in

Transit Hostel Bulding at I.G.K.V. Campus Raipur, Kunkuri, Katgora, Narayanpur, Kanker & Construction of Seed Godown Work at College of Agriculture and Research Station, Raigarh Campus. Bhatapara, Ambikapur, Jashpur and Boys Hostel Building at CARS Kawardha Ditt-Kabirdham. in Sealed tenders are invited in Form A, B, C online from contractor registered in Chhattisgarh PWD as per schedule of rates for Roads/ Buildings/ Bridges works effective from 01.01.2015 and for electrical works effective from 01.06.2020 and amended up to date of issue of NIT. The tender details along with list of necessary documents will be available on the **https://eproc.cgstate.gov.in** and **www.igkv.ac.in** websites. The last date of submission of online bid is 11-03-2026 The Physical document's should be submitted only through Registered / Speed post so as to reach in the office of the Superintendent Physical Plant, Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Krishak Nagar, Labhandi, Raipur (C.G.) Pin 492012, latest by date 13-03-2026 by 05.00 pm.

Superintendent Physical Plant
IGKV Raipur (CG)
सं. 46938

**कार्यालय कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, (छ.ग.)**

**// द्वितीय निविदा //**

क्रमांक 467 दिनांक 17/02/26

भारत की जनगणना-2027 कार्य के लिए जिला कार्यालय गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, समस्त तहसीलों एवं नगरीय निकायों में तकनीकी सहायक हेतु कुल 09 कार्मिकों तथा एम.टी.एस. (चतुर्थ श्रेणी) 01 कार्मिक की माह-जनवरी 2026 से जून-2027 तक कुल 18 माह की अवधि के लिए एजेन्सी के माध्यम से नियुक्ति किया जाना है। इस हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो/Placement Agency/Labour Supplier/ Contractor/Registered NGO से दिनांक 23.02.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे तक बन्द लिफाफे में दर आमंत्रित हैं। प्राप्त निविदा दिनांक 23.02.2026 को शाम 4.00 खोला जायेगा। निविदा की शर्ते, निविदा का प्रारूप आदि विस्तृत जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट https://gaurela-pendra-marwahi.cg.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल में अवलोकन किया जा सकता है।

कलेक्टर
एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी,
जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही
जी. 252606764/4

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग क्र. 02, रामानुजगंज जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(2nd आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 185757/निविदा सूचना क्रमांक 16/वलेलि/2025-26, रामानुजगंज, दिनांक 17-02-2026 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 06.03.2026 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

| निविदा सिस्टम क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 185757 | सरुवत जलाशय योजना का शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार कार्य, स्लूस के पास खुदाई स्लूस का मरम्मत, बांध में मिट्टी का कार्य, 22 से.मी. पिचिंग कार्य स्टोन चिप्स सहित एवं मुख्य नहर आर.डी. 60 मी. से आर.डी. 2200 मी. तक कांक्रीट चैनल, माईनर नहर में आर.डी. 0 मी. से. 400 मी. तक कांक्रीट चैनल का कार्य एवं मुख्य नहर में 01 नग व्ही.आर.बी. का निर्माण कार्य सहित। | रुपये 172.36 लाख। |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 06.03.2026 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।
नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्र.02, रामानुजगंज,
कृते, मुख्य अभियंता,
हसदेव गंगा कछार, जल संसाधन विभाग,
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
जी. 252606757/4

**भारतीय खेल प्राधिकरण**
**SPORTS AUTHORITY OF INDIA**
**भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA**
**खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS**
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(मानव संसाधन प्रभाग-II / Human Resources Division -II)

J N Stadium Complex East Gate. No. 10,
Lodhi Road, CGO Complex,
New Delhi-110003 East Gate. No. 10

एफ.सं. 01-04001(01)/3/2025-एचओ कार्मिक प्रभाग दिनांक: 09-02-2026
F.No. 01-04001(01)/3/2025-HO-Personnel Division Date: 09-02-2026

**अधिसूचना**
**NOTIFICATION**

**कनिष्ठ अभियंता के पद पर भर्ती-खेल उत्कृष्टता के लिए भारत की खोज का हिस्सा बनने का अवसर।** भारतीय खेल प्राधिकरण (स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया-SAI), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्तशासी संगठन, कनिष्ठ अभियंता के 03 पदों (01-अनारक्षित (UR), 01-अन्यपिछडावर्ग (OBC) एवं 01-अनुसूचितजाति (SC) को नियमित आधार पर पे मैट्रिक्स लेवल-06 (7वां केन्द्रीय वेतन आयोग) में, दिनांक 16.07.2025 की अधिसूचना के क्रम में, कर्मचारी चयन आयोग (SSC) द्वारा जारी "PUBLIC DISCLOSURE OF SCORES, Junior Engineer Examination, 2023" के आधार पर, पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। अभ्यर्थी, एसएससी की पब्लिक डिस्क्लोज़र सूची में उल्लिखित उसी ई-मेल आईडी का उपयोग करते हुए भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के ई-पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी की ई-मेल आईडी परिवर्तित हो गई है अथवा कार्यशील नहीं है, तो वे "Updation of Email ID for Junior Engineer Application Public Disclosure List" विषय पंक्ति के साथ recruitment.cell.sai@gov.in एवं itdivisionhq-sai@gov.in पर ई-मेल भेज सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) की वेबसाइट तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (MYA&S) की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत अधिसूचना का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर लें। आवेदन करने हेतु आमंत्रण मात्र से अभ्यर्थिता की अंतिम स्वीकृति नहीं मानी जाएगी। ऑनलाइन आवेदन अवधिः 11.02.2026 (प्रातः 10:00 बजे) से 26.02.2026 (सायं 05:00 बजे) तक
किसी भी स्पष्टीकरण हेतुः recruitment.cell.sai@gov.in
cbc 47103/12/0018/2526

# जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास, बंगाल को हराकर फाइनल में 67 साल बाद एंट्री

## रणजी ट्रॉफी : बंगाल को 6 विकेट से दी शिकस्त, आकिब नबी ने चटकाए 9 विकेट

एजेंसी ▶▶| कल्याणी

जम्मू कश्मीर ने सेमीफाइनल के चौथे दिन दो बार के पूर्व चैंपियन बंगाल को 6 विकेट से करारी शिकस्त देकर अपने 67 साल के इतिहास में पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। बंगाल ने जम्मू कश्मीर के सामने 126 रन का लक्ष्य रखा था।

जम्मू कश्मीर में 34.4 ओवर में चार विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से वंशज शर्मा ने नाबाद 43 और अब्दुल समद ने नाबाद 30 रन बनाए। तेज गेंदबाज आकिब नबी ने मैच में 9 विकेट लेकर बंगाल की जीत की संभावनाओं को पूरी तरह से खत्म कर दिया था।

### जम्मू-कश्मीर को लगे पहली जीत दर्ज करने में 44 साल

जम्मू कश्मीर ने पहली बार 1959-60 के सत्र में रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था और तब से लेकर अब तक उसे मजबूत दावेदार नहीं माना जाता था। जम्मू कश्मीर ने इस सत्र से पहले 334 रणजी मैच खेले थे, जिनमें से उसने केवल 45 जीते थे। उसे अपनी पहली जीत दर्ज करने में 44 साल लग गए, जो उसने 1982-83 में सेना के खिलाफ हासिल की थी। उसके लिए नॉकआउट में पहुंचना कभी आसान नहीं रहा लेकिन 2013-14 में उसे एक बड़ी सफलता मिली जब उसने नेट रन रेट के आधार पर गोवा को पीछे छोड़कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उसने 2015-16 में परवेज रसूल की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई को हराकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी।



### वंशज-समद ने दिलाई ऐतिहासिक जीत

जम्मू कश्मीर ने मंगलवार को तीसरे के दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 43 रन बनाए थे। उसने चौथे दिन की शुरुआत में ही अविजित बल्लेबाज शुभम पुंडीर (27) और कप्तान पारस डोगरा (09) के विकेट गंवा दिए, लेकिन वंशज और समद ने बंगाल के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया और 55 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

### बंगाल नहीं उठा पाया बढ़त का फायदा

बंगाल ने अपनी पहली पारी में 328 रन बनाए थे, जिसके जवाब में जम्मू कश्मीर ने 302 रन बनाए। बंगाल हालांकि पहली पारी की मामूली बढ़त का फायदा नहीं उठा पाया और उसकी टीम दूसरी पारी में केवल 99 रन पर आउट हो गई। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए नबी ने कहा, 'पिछली बार हम क्वार्टर फाइनल में हार गए थे, लेकिन हमने कड़ी मेहनत की और हम इसके हकदार थे।'

## आईसीसी रैंकिंग

# ईशान की सुनामी, लगाई 17 पायदान की छलांग

### टॉप-10 में भारतीयों का दबदबा



एजेंसी ▶▶| दुबई

ईशान किशन का शानदार प्रदर्शन जारी है। टी20 वर्ल्ड कप में बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज ने धुआंधार बल्लेबाजी की है। इसका फायदा टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में हुई है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को रैंकिंग जारी की। इशान किशन ने 17 स्थान की छलांग लगाकर टॉप-10 में एंट्री कर ली है। टी20 में बल्लेबाजों की रैंकिंग की बात करें तो भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा है। शीर्ष-10 बल्लेबाजों में 4 भारतीय हैं। अभिषेक शर्मा पहले, तिलक वर्मा चौथे, सूर्यकुमार यादव छठे और इशान किशन आठवें नंबर पर हैं। तिलक वर्मा को एक स्थान का फायदा हुआ है। अभिषेक और सूर्यकुमार के स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### निसांका तीसरे नंबर पर पहुंचे



ईशान किशन के अलावा साउथ अफ्रीका के रयान रिकेल्टन ने 22 स्थान की छलांग लगाई है। वह 11 नंबर पर पहुंच गए। कप्तान एडेन मार्कराम ने 6 स्थान की छलांग लगाई है। वह 15वें नंबर पर पहुंच गए। टी20 वर्ल्ड कप में पहला शतक लगाने वाले पथुम निसांका ने तीन स्थान की छलांग लगाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के ओपनर साहिबजादा फरहान को 2 स्थान का नुकसान हुआ है।



### अयूब-रजा के बीच दिलचस्प लड़ाई

टी20 में ऑलराउंडर्स की रैंकिगं में पाकिस्तान के सैम अयूब और जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा के बीच दिलचस्प लड़ाई चल रही है। अयूब 303 रेटिंग अंक के साथ पहले और सिंकदर रजा 297 रेटिंग अंक के साथ दूसरे नंबर पर हैं। हार्दिक पंड्या 282 रेटिंग अंक के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

### चक्रवर्ती नंबर-1 गेंदबाज

टी20 में गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती 796 रेंटिंग के साथ शीर्ष पर हैं। अफगाविस्तान के कप्तान राशिद खान एक स्थान ऊपर दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के अबरार अहमद को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वह तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे के ब्रैंड इवांस को 10 स्थान का फायदा हुआ। वह 5वें नंबर पर पहुंच गए।



## खबर संक्षेप



### डीएलटीए ने किया डेविस कप टीम को सम्मानित

**नई दिल्ली।** दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) ने चल रहे दिल्ली ओपन के दौरान नीदरलैंड पर शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय डेविस कप टीम को सम्मानित किया। भारत ने इस महीने की शुरु में बेंगलुरु में एक रोमांचक मुकाबले में छठी रैंकिंग वाली नीदरलैंड की टीम को 3-2 से हराकर सितंबर में होने वाले क्वालीफायर के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारतीय टीम की तब रैंकिंग 33 थी। डीएलटीए अध्यक्ष रोहित राजपाल ने कहा, 'डीएलटीए में हम हर स्तर पर भारतीय टेनिस का समर्थन करने और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' सुमित नागल ने कहा, 'सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। आप कोर्ट में जाकर अपना मैच जीतते हैं तो यह आसान होता जाता है। स्विट्जरलैंड में हमें दो अंक मिले और इस बेंगलुरु मुकाबले में युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश ने सभी अंक हासिल किए। आखिर में डेविस कप मुकाबला टीम के बारे में है और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया।

## शिवम की आक्रामक पारी, 212 के स्ट्राइक रेट से डचों को धुना

# टीम इंडिया का अजेय अभियान जारी, नीदरलैंड्स को हराया दुबे की वर्ल्डकप में पहली फिफ्टी, चक्रवर्ती को 3 विकेट

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

शिवम दुबे के तूफानी अर्धशतक के बाद वरुण चक्रवर्ती के फिरकी के जादू से भारत ने विश्व कप के ग्रुप ए मैच में बुधवार को नीदरलैंड को 17 रन से हराकर टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत दर्ज की। भारत चार मैच में आठ अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा जबकि नीदरलैंड ने अपने अभियान का अंत चार मैच में एक जीत से दो अंक के साथ किया। भारत के 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की टीम चक्रवर्ती (14 रन पर तीन विकेट) और शिवम दुबे (35 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदों के सामने सात विकेट पर 176 रन ही बना सकी।

### डि लीडे ने खेली 33 रनों की पारी

नीदरलैंड की ओर से बास डि लीडे ने सर्वाधिक 33 रन बनाए। नोह क्रोस (12 गेंद में नाबाद 25 रन) तथा जैक लियोन कैशे (16 गेंद में 26 रन) ने सातवें विकेट के लिए 23 गेंद में 47 रन की साझेदारी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए। दुबे ने इससे पहले अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 31 गेंद में छह छक्कों और चार चौकों से 66 रन की पारी खेलने के अलावा हार्दिक पंड्या (21 गेंद में 30 रन, तीन छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 35 गेंद में 76 रन की साझेदारी की, जिससे भारत ने छह विकेट पर 193 रन बनाए। कप्तान सूर्यकुमार यादव (34) और तिलक वर्मा (31) ने भी उपयोगी पारियां खेली।



### शिवम का टी-20 विश्व कप में पहला अर्धशतक

टी-20 विश्व कप 2026 के 36वें मैच में भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर शिवम दुबे ने नीदरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ आक्रामक अर्धशतक (66) लगाया। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का छठा और टी-20 विश्व कप में पहला अर्धशतक साबित हुआ। भारत ने जब 69 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया, तब दुबे क्रीज पर आए। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दुबे ने अपने चिर-परिचित अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए डच गेंदबाजों की जमकर खबर ली। भारतीय ऑलराउंडर ने सिर्फ 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने हार्दिक पांड्या (30) के साथ मिलकर 5वें विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। वह 31 गेंदों में 4 चौकों और 6 छक्कों की बदौलत 66 रन बनाकर आउट हुए।

### अभिषेक लगातार तीसरे मुकाबले में फ्लॉप

टी20 वर्ल्ड कप में भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा लगातार तीसरे मुकाबले में फ्लॉप हुए। बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ जारी ग्रुप-ए के मैच में अभिषेक पारी की तीसरी गेंद पर बोल्ड हो गए। यह टूर्नामेंट में उनका तीसरा 'शून्य' था। अभिषेक शर्मा टी20 वर्ल्ड कप में यूएसए के खिलाफ पहली ही गेंद पर आउट हुए थे। अभिषेक ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में वापसी की, लेकिन चौथी गेंद पर ही कैच आउट हो गए।

### 21 फरवरी से एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** सेना के हरमनजोत सिंह 12 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल होंगे, जो 21 फरवरी से जापान के फुकुओका में होने वाली 18वीं एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी।

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल

**मिथुन** — मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि

**कर्क** — किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

### प्रीव्यू : तेज गेंदबाजों के दम पर टीम इंडिया का बढ़त हासिल करना लक्ष्य



**कैनबरा।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को जब दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी तो वह पहले मैच में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने पहले मैच में चार विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी को झकझोर दिया था। ऑस्ट्रेलिया की टीम 20 ओवर भी पूरे नहीं खेल पाई और केवल 133 रन पर आउट हो गई। भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि बारिश के कारण खेलने का खास मौका नहीं मिला। भारत ने यह मैच डकवर्थ-लुईस प्रणाली के आधार पर जीता, जिसमें केवल सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ही कुछ समय क्रीज पर बिता पाईं। भारत एक बार फिर शेफाली की तूफानी शुरुआत पर निर्भर रहेगा, जिन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया था।

## मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम में चमक नहीं : पोंटिंग

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने टी20 विश्व कप से ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के बाद कहा कि यह बहुत खराब अभियान रहा और मौजूदा टीम में वह चमक नहीं है, जो वैश्विक टूर्नामेंट में पिछली टीमों में हुआ करती थी। आईसीसी 'रिव्यू' में पोंटिंग ने कहा कि कागज पर यह टीम उन पिछली ऑस्ट्रेलियाई टीम जैसी प्रभावशाली नहीं दिखती, जिन्होंने आईसीसी टूर्नामेंट में दबदबा बनाया था। पोंटिंग ने कहा, 'जब आप इस ऑस्ट्रेलियाई टीम को कागज पर देखते हैं, तो उसमें वह आभा नजर नहीं आती जो कई अन्य ऑस्ट्रेलियाई टीम में आईसीसी टूर्नामेंट और विश्व कप से पहले दिखाई देती थी।' उन्होंने कहा, 'इन टूर्नामेंटों में आगे बढ़ने और जीतने के लिए आपके सर्वश्रेष्ठ और सबसे अनुभवी खिलाड़ियों को बड़े मौकों पर प्रदर्शन करना होता है।

**पश्चिम मध्य रेल**
शुद्धि सूचना क्र. – 2
दिनांकः 16/02/2026
मद– IREPS की वेबसाइट पर NIT: JBP-PROJECT-EPC 2025-02 दिनांक 08/01/2026, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय, 19/02/2026 up to 15:00 hrs., IREPS पर संशोधित दिनांक – 27/02/2026 up to 15:00 hrs., शेष वस्तुएँ यथावत एवं अपरिवर्तित रहेंगी। (हस्ता.)
कृते उप मुख्य विद्युत इंजी.(परियोजना)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
क्र./39/न.पा.नि./जोन क्र.01/2026 सकरी, दिनांक 17/02/2026
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-


| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 185120 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (कांटिखार) वार्ड क्र. 03 उस्लापुर न.पा.नि. बिलासपुर | 10.00 | 13. 03. 2026 | 1st Call |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 18/02/2026 सायंकाल में 05:31 बजे के पश्चात् प्राप्त की जा सकती है।
Green City, Clean City, Dream City.
कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.01 सकरी
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**निविदा सूचना**
**निविदा सूचना क्रमांक 06-CEE-C-SECR-2026, Date- 13.02.2026.**
**कार्य का नाम :** " निर्माण भवन, बिलासपुर में 3 वर्ष की अवधि के लिए सभी पुर्जो की आपूर्ति सहित स्थापित 2 नग लिफ्ट (कोन मेक) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध"। **निविदा मुल्य :** रु.8,64,503.76/- (आठ लाख चौंसठ हज़ार पाँच सौ तीन दशमलव छिहत्तर मात्र) **बयाना राशि:** रु.17,300/- (सत्रह हज़ार तीन सौ मात्र)। **निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक :** 06.03.2026 को 15:30 बजे। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक :** 06.03.2026 को 15:45 बजे। कार्य पूर्णता की अवधि: स्वीकृति का पत्र जारी होने की तारीख से 36 (छत्तीस) माह। वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान : उपर दिए गए कार्य के लिए विस्तृत जानकारी/ई-निविदा दस्तावेज पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु ई-निविदा कागजात, जो हमारी वेबसाइड www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर/देख सकते है।
**उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)/बीएसपी.**
सीपीआर/10/AM/699 द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail





## शब्द पहेली - 6143



**बाएँ से दाएँ**
1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

### शब्द पहेली -6142 का हल



## सूडोकु नवताल- 6153

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6152 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |




# मुख्यमंत्री ने चीफ जस्टिस की माता श्रीमती कुसुम सिन्हा को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की माता स्वर्गीय श्रीमती कुसुम सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती सिन्हा का 15 फरवरी को निधन हो गया था।



मुख्यमंत्री ने बिलासपुर के बोदरी स्थित चीफ जस्टिस के निवास में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर श्रीमती सिन्हा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि माता जी का स्नेह, संस्कार और त्याग जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। श्रीमती कुसुम सिन्हा का सरल, स्नेहमयी और अनुपम स्वभाव सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री एवं सांसद तोखन साहू, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, विधायक सुशांत शुक्ला ने भी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीगण, अधिवक्तागण, महाधिवक्ता कार्यालय के अधिकारी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव, पुलिस महानिदेशक, संभागायुक्त, सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# वीएसके-ऐप इनस्टॉल करने बाध्य नहीं किया जा सकता ट्रेकिंग और अनुशासनात्मक कार्रवाई पर भी रोक

## याचिका में शिक्षकों की निजता का उल्लंघन बताता गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) ऐप पर रोक लगा दी है। एक शिक्षक की याचिका पर ऐप को लेकर अनुशासनात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई गई है। जस्टिस एनके चंद्रवंशी के इस आदेश के बाद याचिकाकर्ता शिक्षक कमलेश सिंह बिसेन को ऐप इंस्टॉल करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकेगा। साथ ही याचिकाकर्ता के खिलाफ किसी भी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्रवाई पर भी रोक रहेगी। फिलहाल हाईकोर्ट का यह आदेश कोर्ट ने सिर्फ याचिकाकर्ता शिक्षक के संदर्भ में ही जारी किया गया है, इसका लाभ अन्य शिक्षकों को भी मिलेगा या नहीं, ये अभी साफ नहीं है।

दरअसल, शिक्षक कमलेश सिंह बिसेन ने वीएसके ऐप की अनिवार्यता को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर



की है। जिसमें बताया कि, सरकार किसी भी थर्ड पार्टी ऐप को शिक्षकों पर जबरन लागू नहीं कर सकती। इसे शिक्षकों की निजता का उल्लंघन बताते हुए कहा कि, शिक्षकों के व्यक्तिगत मोबाइल का इस्तेमाल शासकीय कार्यों के लिए बाध्यकारी रूप से नहीं कराया जा सकता। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता की तरफ से प्रस्तुत तर्कों को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में विस्तृत जवाब पेश करने कहा है।


शिक्षक ने खुद की केस की पैरवी मामले में याचिकाकर्ता कमलेश सिंह बिसेन ने खुद अदालत में अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि, याचिका में दो प्रमुख मुद्दों को उठाया गया है। पहला, शिक्षकों की निजता का प्रश्न और दूसरा, निजी संसाधनों के अनिवार्य उपयोग का विषय।

याचिका में कहा गया कि यह केवल व्यक्तिगत मामला नहीं, बल्कि व्यापक स्तर पर सरकारी कर्मचारियों के अधिकारों से जुड़ा संवेदनशील विषय है।यह है वीएसके ऐप विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके ) 15 लाख से अधिक स्कूलों, 96 लाख शिक्षकों और 26 करोड़ छात्रों के डेटा का उपयोग कर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिग डेटा विश्लेषण के माध्यम से शिक्षा गुणवत्ता की रीयल-टाइम निगरानी करने वाला एक अभिनव केंद्र है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कार्यरत है, जो 50 मीटर की जियो-फेंसिंग तकनीक से शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित करता है।

# अनाचार के आरोपी की सजा आधी कर दी गई

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने बालात्कार के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी की सजा आधी कर दी है। अब 7 साल की जगह आरोपी साढ़े 3 साल ही जेल में सजा कटेगा। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच ने अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए कहा कि, आरोपी का इरादा गलत और स्पष्ट था, लेकिन मेडिकल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पूरा पेनिट्रेशन साबित नहीं हुआ। इसलिए यह मामला बलात्कार नहीं बल्कि रेप के प्रयास का बनता है। दरअसल, यह मामला धमतरी जिले का है। 21 मई 2004 को जब पीड़िता घर में अकेली थी, तब आरोपी ने उससे शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की। अर्जुनी थाने में मामले की एफआईआर दर्ज हुई। 6 अप्रैल 2005 को जांच के बाद ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376(1) यानी रेप और धारा 342 यानी गलत तरीके से बंधक बनाने के अपराध में दोषी माना और 7 साल की सजा सुनाई। इसी फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की गई थी। धारा 376/511 के तहत दोषी ठहरायादोनों पक्षों की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने धारा 376(1) के तहत दी गई दोषसिद्धि को रद्द कर दिया। इसके बजाय आरोपी को धारा 376 के साथ धारा 511 (बलात्कार का प्रयास) के तहत दोषी ठहराया गया। धारा 376/511 आईपीसी के तहत 3 साल 6 महीने का कठोर कारावास और 200 रुपए का जुर्माना, और धारा 342 आईपीसी के तहत 6 महीने की कठोर सजा, जिसे बरकरार रखा गया।कोर्ट ने यह भी नोट किया कि, आरोपी पहले ही करीब डेढ़ साल से अधिक समय जेल में बिता चुका है। उसे शेष सजा काटने के लिए दो महीने के भीतर ट्रायल कोर्ट के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है।

# सूरज ने खोला 8 लाख किमी चौड़ा दरवाजा, धरती की ओर बढ़ा सौर तूफान



**वॉशिंगटन।** बीती 17 फरवरी से अंतरिक्ष की दुनिया में हलचल जारी है। 16 फरवरी को सूर्य की सतह पर 8 लाख किलोमीटर से ज्यादा चौड़ा कोरोनल होल देखा गया। यह विशाल खुला चुंबकीय गलियारा सीधे पृथ्वी की ओर मुंह किए है। नासा की सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी ने इसकी तस्वीरें जारी कीं, जिनमें यह दक्षिण से उत्तर तक फैला दिखा। कोरोनल होल कोई आग का गोला नहीं, बल्कि सूर्य का वह इलाका है, जहां से सौर पवन बेहद तेजी से बाहर निकलती है।

# 1300 फीट ऊंची लावा फाउंटेन, हवाई का ज्वालामुखी फिर हुआ बेकाबू

हवाई के किलाउएआ ज्वालामुखी ने 15 फरवरी 2026 को ऐसा मंजर दिखाया कि रात का आसमान आग की रोशनी से भर गया। 1300 फीट ऊंची लावा फाउंटेन और 35000 फीट तक उठता धुएं का गुबार...सब कुछ नेशनल पार्क के भीतर ही रहा, बिना किसी खतरे के. कुदरत का यह शो करीब 10 घंटे चला और अब दुनिया एपिसोड 43 का इंतजार कर रही है।



### क्या हुआ एपिसोड 42 में

15 फरवरी 2026 को किलाउएआ ज्वालामुखी ने अपना 42वां धमाकेदार एपिसोड दिखाया। यह विस्फोट हवाई के हवाई ज्वालामुखी राष्ट्रीय उद्यान के समिट क्रेटर के भीतर हुआ। दक्षिणी वेंट से लावा करीब 400 मीटर यानी 1300 फीट तक आसमान में उछला, जबकि उत्तरी वेंट 300 मीटर तक पहुंचा. गैस और राख का बादल 35000 फीट तक चढ़ गया। करीब 9 घंटे 48 मिनट तक यह नजारा चलता रहा।

### कितना लावा निकला

अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक करीब 1.5 करोड क्यूबिक यार्ड पिघला पत्थर क्रेटर में भर गया। यह मात्रा लगभग 11000 ओलंपिक स्विमिंग पूल भरने जितनी है। हल्की राख और सुनहरी ज्वालामुखीय कांच जिसे पेले के बाल कहा जाता है, हवा के साथ दूर खाली इलाकों में जा गिरी। राहत की बात यह रही कि किसी आबादी को कोई खतरा नहीं हुआ।

### घंटों चलता रहा आग का तमाशा

किलाउएआ धरती के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में गिना जाता है। 23 दिसंबर 2024 से चल रहे इस सिलसिले में यह 42वां एपिसोड था। हर एपिसोड छोटा, लेकिन जबरदस्त होता है, फिर कुछ हफ्तों का सुकून। यह घटना इसलिए अहम ह, क्योंकि यह दिखाती है कि हमारी धरती कितनी जिंदा है। वैज्ञानिक अब एपिसोड 43 पर नजर रखे हुए हैं, जो मार्च में हो सकता है। आग की इन नदियों ने फिर साबित कर दिया कि कुदरत का जलवा किसी आतिशबाजी से कम नहीं।



# अंटार्कटिका के गहरे बर्फीले समंदर में पहली बार दिखी शार्क

**लंदन।** अंटार्कटिका में वैज्ञानिकों ने कुछ ऐसा देखा कि वो हैरत में पड़ गए। दरअसल, उन्होंने अंटार्कटिका के लगभग जमते पानी में पहली बार एक विशाल शार्क को देखा। जनवरी 2025 में यह दुर्लभ दृश्य रिकॉर्ड किया गया था। इस दौरान एक स्लीपर शार्क समुद्र तल पर सुस्त गति से तैरती नजर आई। बताया जा रहा है कि शार्क की लंबाई 3 से 4 मीटर थी और वो करीब 490 मीटर की गहराई में देखी गई। यहां पर पानी का तापमान 1.27 डिग्री सेल्सियस था। अभी तक वैज्ञानिक मानते थे कि इतनी ठंडी अंटार्कटिक जलधाराओं में शार्क का अस्तित्व संभव नहीं है।



### समुद्री विज्ञान के लिए महत्वपूर्ण खोज

मिंडेरू-यूडब्ल्यूए डीप-सी रिसर्च सेंटर के लगाए गए कैमरे में यह हैरान करने वाला दृश्य कैद हुआ। इस कैमरे को दक्षिण शेटलैंड द्वीप समूह के पास समुद्र की गहराई में स्थापित किया गया था। यह क्षेत्र दक्षिणी महासागर की सीमा में आता है। इस शोध केंद्र के संस्थापक निदेशक एलन जैमिसन ने कहा कि अंटार्कटिक महासागर में अभी तक किसी भी शार्क के मिलने का कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं था। उन्होंने इसे समुद्री विज्ञान के लिए बेहद महत्वपूर्ण खोज बताया है। वीडियो में एक स्केट मछली भी नजर आ रही है, जो शार्क के गुजरने के बावजूद स्थिर रहती है।

**स्केट की मौजूदगी से वैज्ञानिक हैरान नहीं :** वैज्ञानिकों के लिए स्केट की मौजूदगी आश्चर्यजनक नहीं थी, क्योंकि उनकी प्रजाति पहले से ही इस इलाके में ज्ञात है। विशेषज्ञ मानते हैं कि जलवायु परिवर्तन और समुद्र के बढ़ते तापमान की वजह से शार्क जैसी प्रजातियां अब ठंडे इलाकों की तरफ बढ़ रही हो सकती हैं।



















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com